▪ वर्ष: 1
▪ अंक: 73
▪ पृष्ठ: 8
▪ मूल्य: ₹2.00

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी

दैनिक **जूम न्यूज़** राजस्थान

संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in

• जयपुर, शनिवार 26 सितम्बर, 2026 • राज्य: 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611


# नितिन नवीन बोले- जनता की सेवा और काम करने पर आशीर्वाद वोट के रूप में मिलता है



जूम न्यूज़ • जयपुर

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राहुल गांधी के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा- राहुल गांधी पूछ रहे थे कि क्यों बीजेपी सरकारें लगातार आती हैं। क्यों उनके नेता कहते हैं कि 25 साल तक बीजेपी की सरकार आएगी। मैं आपके सामने बताना चाहता हूं यह विश्वास जनता की सेवा और जनता के लिए काम करने से आता है। नेता प्रतिपक्ष आप पूछते हैं कि कैसे आते हैं तो सवालों का जवाब देता हूं। पूरे देश में 4 करोड़ गरीबों का आवास बनता है तो वो आशीर्वाद वोट के रूप में मिलता है। 12 करोड़ महिलाओं के शौचालय बनता है, 75 लाख रेहड़ी वालों को पीएम स्वनिधि का लाभ मिलता है तो उनका आशीर्वाद वोट के रूप में मिलता है। नितिन नवीन बोले- पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि दीपक की पहचान उससे होती है कि उसने कितनी दूर तक उजाला पहुंचाया। उन्होंने अंत्योदय शब्द दिया। नितिन नवीन ने दादिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म जयंती समारोह में ये बात कही।

### जीत को सेवा के मौके के तौर पर लेना है

नितिन नवीन ने कहा- हमारे पंचायतीराज और निकाय जनप्रतिनिधि अंत्योदय की भावना को नीचे तक पहुंचा सकते हैं। पंचायत से पार्लियामेंट तक भगवा लहराएगा वाली भावना पर चल रहे हैं। पीएम मोदी का कार्यकाल त्याग, सेवा और तप का रहा है। जनता की सेवा में वो लगातार तत्पर रहे हैं। 309 निकायों में 200 से ज्यादा में भाजपा जीती है। जीत का सेहरा हमारे सिर पर बंधा है। इसे सेवा के मौके के तौर पर लेना है। हमारी कार्यप्रणाली से जनता का जुड़ाव हो, इस भावना से काम करें। गरीब व्यक्ति नारायण है, इस संकल्प के साथ आगे बढ़ना है।

### सीएम बोले- संकल्प पत्र के 78% काम पूरे

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- हमने संकल्प पत्र के 78 फीसदी काम अब तक पूरे कर लिए हैं। हम आलू से सोना



पैदा नहीं कर सकते हैं, लेकिन जमीन सोना उगलेगी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से कहा- आपने अभी चुनाव का एक युद्ध जीता है। अब आपको पंचायत चुनाव का एक और युद्ध जीतना है। यहां पर निकाय प्रमुख और पार्षद मौजूद हैं, लेकिन मेरे सामने किंगमेकर बैठे हैं, जिन्होंने इन्हें बनाया है।

## ब्रीफ न्यूज

### नशे में मिला एअर इंडिया का पायलट, स्विटजरलैंड में उतारा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने ज्यूरिख-दिल्ली फ्लाइट के पायलट को नशे में पाए जाने के बाद सस्पेंड कर दिया है। उसे स्विट्जरलैंड में ही उतार दिया गया। उड़ान से पहले होने वाले कंपलसरी अल्कोहल टेस्ट में उसके नशे में होने की पुष्टि हुई। जांच पूरी होने तक पायलट का निलंबन जारी रहेगा। यह मामला 6 सितंबर का है। टेकऑफ से पहले ग्राउंड स्टाफ को पायलट से शराब की स्मेल आई थी। जिसके बाद पायलट को विमान से उतार दिया गया। उसे उसी फ्लाइट से भारत भेजा गया था। एयर इंडिया ने कहा, 'एयर इंडिया की सुरक्षा, नियमों या प्रोटोकॉल के उल्लंघन पर जीरो टॉलरेंस नीति है। ऐसा होने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाती है।'

### SBI के एटीएम से कैश निकालने पर तीन दिन चार्ज नहीं

**नई दिल्ली।** SBI ने 28 से 30 सितंबर तक अपने ATM से कैश निकालने पर चार्ज नहीं लेने का ऐलान किया है। इस दौरान बैंक कर्मचारियों की हड़ताल के कारण शाखाएं बंद रहेंगी। बैंक कर्मचारी 5-डे वर्किंग की मांग को लेकर प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल में देश की 7 बड़ी बैंक यूनियन्स शामिल होंगी, जिनसे लगभग 90% से ज्यादा बैंक कर्मचारी जुड़े हुए हैं। इनमें AIBEA, AIBOC, NCBE, AIBOA, BEFI, INBEF और INBOC शामिल हैं। यूनियन्स का कहना है कि सरकार हफ्ते में 5-डे वर्किंग लागू करने की कोई पक्की तारीख तय नहीं कर देती, तब तक उनका यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।


» अंदर विशेष


स्मृति शेष...

▪ दुनिया के महान सेनानायकों में शुमार हैं लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़

...पढ़े पेज 2 पर


## पंडित दीनदयाल की 110वीं जयंती पर हुए भजन क्लबिंग प्रोग्राम

# पीएम मोदी की जेन-जी के साथ भजन क्लबिंग, खंजरी बजाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम दिल्ली के दीनदयाल पार्क में जेन-जी के बीच पहुंचे। पीएम पंडित दीनदयाल की 110वीं जयंती पर हुए भजन क्लबिंग प्रोग्राम में शामिल हुए। यहां उन्होंने खंजरी बजाई और भजनों पर गुनगुनाते भी नजर आए। मोदी इस जेन-जी प्रोग्राम में तब पहुंचे हैं, जब एक दिन पहले कॉकरोच जनता पार्टी ने जेन-जी के वोटों के अधिकार छीने जाने की बात कही थी।

▪ कांग्रेस लीडर और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह मुद्दा उठाया था। राजनीतिक दलों के बीच जेन-जी इसलिए अहम हैं, क्योंकि 2029 के आम चुनाव में 36.74 करोड़ वोटर यही होंगे। यानी देश की कुल आबादी का 26%। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जुलाई में अपने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न में भजन क्लबिंग ट्रेंड का जिक्र किया था।

▪ उन्होंने तारीफ की थी कि कैसे भारत की नई पीढ़ी अपनी जड़ों और आस्था को आधुनिक जीवनशैली के साथ खूबसूरती से जोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भजन क्लबिंग ट्रेंड को हमारी जेन-जी पीढ़ी आगे बढ़ा रही है। इससे पहले जनवरी 2026 में मन की बात कार्यक्रम में भी पीएम मोदी ने इस ट्रेंड की जमकर सराहना की थी।

**2026** में देश में 15-29 साल की उम्र के करीब 36.74 करोड़ युवा हैं। यानी कुल आबादी का करीब 26% युवाओं की हिस्सेदारी है। 2029 के लोकसभा चुनाव में यही वोटर होंगे।

**2024** लोकसभा चुनाव में देश के कुल मतदाताओं में 18-29 साल के वोटरों की हिस्सेदारी 22.78% थी। यानी लगभग हर 4 में से एक वोटर जेन-जी है (चुनाव आयोग के मुताबिक)।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ देशभर में कांग्रेस का प्रदर्शन: सुप्रीम कोर्ट में याचिका

### 2 अक्टूबर से आंदोलन करेगी केजेपी

**दिल्ली।** कांग्रेस शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में प्रदर्शन किया। उत्तराखंड के देहरादून में कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। पटना में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

इधर, कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने शुक्रवार को कहा कि अगर ज्ञानेश कुमार ने इस्तीफा नहीं दिया तो 2 अक्टूबर से देशव्यापी आंदोलन करेंगे। CJP ने गुरुवार को ज्ञानेश कुमार को 48 घंटे की डेडलाइन दी थी।




एसआईआर को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। याचिका में SIR के फैसलों, दिशानिर्देशों और सॉफ्टवेयर बदलावों को असंवैधानिक घोषित करने और करीब 13 करोड़ वोटर्स के नाम हटाने की SIT जांच की मांग है।

## राम मंदिर में कर्मचारी ने ही पकड़ी थी चढ़ावा चोरी: दावा- 67 लोग शामिल थे

**लखनऊ।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में पुलिस ने फैजाबाद जिला कोर्ट में 73,480 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। चढ़ावे की रकम चोरी होने का मामला पहली बार 4 जून, 2026 को सामने आया।

चार्जशीट के मुताबिक, काउंटिंग रूम में कर्मचारियों को चढ़ावे के रुपए छिपाते हुए एक कर्मचारी ने ही देखा था। कर्मचारी आनंद चौधरी ने इसकी जानकारी तत्कालीन ट्रस्ट महासचिव चंपत राय को दी और वीडियो भी भेजा। वीडियो में कुछ कर्मचारी कमर में नोटों की गड्डियां छिपाते नजर आ रहे थे। आनंद ने आशंका जताई कि चोरी में करीब 67 कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। घटना के दिन यानी 4 जून को चंपत राय अयोध्या में नहीं थे। 5 जून को चंपत ने अनिल मिश्रा, गोपाल राव और डॉ. नरेंद्र के साथ CCTV फुटेज देखे। इसके बाद मंदिर परिसर के CCTV फुटेज खंगाले गए। पुलिस के मुताबिक, चढ़ावा चोरी से जुड़ी 105 घटनाएं कैमरों में रिकॉर्ड मिलीं। 173 गवाहों के बयान दर्ज किए गए।

## जोधपुर में स्वाइन फ्लू केस: 200 टीमें कर रही हैं शहर में सर्वे

**जोधपुर।** शहर में इस सीजन का पहला स्वाइन फ्लू का केस सामने आया है। हालांकि मरीज की हालत स्थिर बताई जा रही है। इधर, शहर में भी हेल्थ डिपार्टमेंट की टीमों ने सर्वे शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार- तीन मरीजों के सैंपल लिए गए थे। इनमें भीतरी शहर में रहने वाले एक बुजुर्ग की रिपोर्ट पॉजिटीव आई है। माथुर हॉस्पिटल के सुपरिंटेंडेंट डॉ. विकास राजपुरोहित ने बताया- एक केस पॉजिटिव आया है। उसे आइसोलेशन यूनिट में रखा है।

# एशियन गेम्स; शूटिंग में भारत को मिला दूसरा गोल्ड




### ▪ सात्विक-चिराग बैडमिंटन में हारे

**नागोया (जापान)।** एशियन गेम्स में शुक्रवार को बैडमिंटन से भारत के गोल्ड मेडल की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। सात्विक साईराज रंकी रेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मेंस डबल्स के पहले राउंड से हारकर बाहर हो गई है। इस जोड़ी ने पिछले एशियन गेम्स में गोल्ड दिलाया था। इससे पहले छठे दिन शूटर्स ने भारत को 2 मिनट के अंदर 2 मेडल दिलाए। सुरुचि और कमलजीत की जोड़ी ने सुबह 9 बजे 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड इवेंट में गोल्ड जीता। फिर 9:02 बजे 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन इवेंट में भारतीय को सिल्वर मिला। भारत की पुरुष और महिला कबड्डी टीम फाइनल में पहुंच गई हैं। इन मेडल्स के सहारे भारत मेडल टैली में 12वें स्थान आ गया है। उसने 2 गोल्ड सहित 21 मेडल जीते हैं।

## कांग्रेस के 346 पार्षदों ने की क्रॉस वोटिंग, 113 निकायों में बगावत

**जयपुर।** वन स्टेट-वन इलेक्शन फॉर्मूले के पहले चुनाव में ही कांग्रेस बिखर गई। 2026 के चुनावों में कांग्रेस पार्टी के सिंबल से चुनाव लड़े और जीते 346 पार्षदों ने पार्टी से ही बगावत कर दी। इतनी संख्या में बगावत पहले नहीं हुई। 113 निकायों में पार्टी के खिलाफ जाकर 346 पार्षदों द्वारा बीजेपी को वोट करने और क्रॉस वोटिंग का इस बार रिकॉर्ड बन गया।

अजमेर और पाली के बाद कोटा नगर निगम में भी कांग्रेस के 4 पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग कर दी। जिन-जिन निकायों में क्रॉस वोटिंग हुई, उनमें कांग्रेस के मेयर या सभापति प्रत्याशी को पार्टी के पार्षदों की संख्या से कम वोट मिले और बीजेपी के प्रत्याशी को पार्टी के जीते पार्षदों से ज्यादा वोट मिल गए। यानी कांग्रेस के पार्षदों ने 'कमल खिला दिया' और 'हाथ का पंजा' काटने का काम किया।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का किया उद्घाटन

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा की गुंडागर्दी नेस्तनाबूद की, सारे माफिया साफ हो गए: शाह

**नोएडा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नोएडा में यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सीएम योगी की तारीफ की। कहा- योगी सरकार ने सपा-बसपा की गुंडागर्दी को नेस्तनाबूद कर दिया। सारे माफिया समाप्त हो गए। अब यूपी में बनी ब्रह्मोस मिसाइलें पाकिस्तान की नींद उड़ा देती हैं।

शाह ने कहा- सपा-बसपा के शासन में अपराध की इंडस्ट्री चलती थी। कट्टा-तमंचा का कुटीर उद्योग लगता था। कट्टा उद्योग की जगह आज डिफेंस कॉरिडोर बना है। अमेठी में बनी राइफल नक्सलवादियों और आतंकियों की नींद उड़ा चुकी है। शाह सुबह साढ़े 11 बजे ट्रेड शो में पहुंचे। सीएम योगी पहले से ही वहां मौजूद थे। दोनों नेताओं ने एक साथ इलेक्ट्रिक गाड़ी (गोल्फ कार्ट) में बैठकर ट्रेड शो देखा। स्टॉल पर प्रोडक्ट्स की जानकारी ली। मंच पर दोनों नेता काफी देर तक बातचीत करते रहे। योगी ने गृहमंत्री को राधा-कृष्ण की मूर्ति भेंट की।



योगी ने कहा- भारत कभी सोने की चिड़िया था। देश की शक्तियां विभाजित हुईं तो भारत गुलाम हुआ। उस दौर में सिर्फ देश को ही नुकसान नहीं हुआ, बल्कि हस्तशिल्प, बुनकरों और पारंपरिक हुनर को भी नुकसान पहुंचा। यूपी में क्षमता की कमी नहीं थी, जरूरत उसे पहचानने की थी।

### ट्रेड शो में 2 लाख करोड़ के व्यापार की उम्मीद

नोएडा में 29 सितंबर तक चलने वाले ट्रेड शो का यह चौथा एडिशन यानी चौथा साल है। इस बार जापान, रूस, वियतनाम, ऑस्ट्रिया, सिंगापुर और बेलारूस देश पार्टनर के रूप में हिस्सा ले रहे हैं। 85 देशों से 600 से ज्यादा खरीदार पहुंचने की संभावना है। आयोजकों को इस बार 2 लाख करोड़ रुपए के व्यापार की उम्मीद है। ट्रेड शो में इलेक्ट्रॉनिक्स, EV, डिफेंस, IT और फूड प्रोसेसिंग सेक्टर की कंपनियां हिस्सा ले रहीं हैं। इस बार 2,500 से ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं।

## UN में पत्रकारों ने पूछा- आतंकियों को पनाह देना कब बंद करेंगे; कोई जवाब नहीं दिया

# आतंकी हाफिज पर सवाल से भागे पाकिस्तान PM शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पहुंचे। यहां पत्रकारों ने उनसे लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को लेकर सवाल किया, लेकिन शहबाज सवालों को नजरअंदाज करते हुए आगे बढ़ गए। UN मुख्यालय में दाखिल होते समय पत्रकारों ने शहबाज से पूछा, 'प्रधानमंत्री, आप आतंकियों को पनाह देना कब बंद करेंगे?'

शहबाज ने इस सवाल का जवाब नहीं दिया। बाहर निकलते समय पत्रकारों ने फिर पूछा कि पाकिस्तान हाफिज सईद पर कार्रवाई कब करेगा, लेकिन शहबाज ने दोबारा कोई जवाब नहीं दिया। हाफिज सईद प्रतिबंधित



आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (LeT) का सरगना है। भारत ने उसे UAPA के तहत आतंकवादी घोषित किया है। वह 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मामले में आरोपी है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) ने अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले की जांच में दाखिल सप्लीमेंट्री चार्जशीट में भी सईद को आरोपी बनाया है। NIA ने उसे कथित साजिश में आरोपी नंबर 8 बताया है और पाकिस्तान स्थित LeT के आतंकियों की भूमिका का आरोप लगाया है।

**शहबाज बोले थे- पाकिस्तान नहीं लड़ता तो आतंकी न्यूयॉर्क की सड़कों पर घूम रहे होते:** शहबाज शरीफ ने 2025 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा था कि अगर पाकिस्तान ने आतंकियों का मुकाबला नहीं किया होता, तो वे न्यूयॉर्क और लंदन की सड़कों पर घूम रहे होते। शहबाज ने दावा किया था कि पाकिस्तान दो दशक से ज्यादा समय से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है। उनके मुताबिक, इस दौरान 90 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई और देश को 150 अरब डॉलर का आर्थिक नुकसान हुआ।

### 40 साल पहले बना लश्कर-ए-तैयबा

लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना 1987 में पाकिस्तान में हुई थी। यह संगठन सोवियत-अफगान युद्ध के दौरान बने जिहादी नेटवर्क से निकला था। ओसामा बिन लादेन के मेंटर माने जाने वाले अब्दुल्ला अज्जाम और उसके दो साथियों ने मिलकर मरकज-अद-दावा-वल-इरशाद नाम के धार्मिक संगठन की स्थापना की। मरकज-अद-दावा-वल-इरशाद संगठन का सशस्त्र (मिलिटेंट) विंग बाद में लश्कर-ए-तैयबा कहलाया। अरबी में इसका अर्थ है पवित्र लोगों की सेना। शुरुआती दौर में संगठन के लड़ाके अफगानिस्तान में सोवियत सेना के खिलाफ लड़ने के लिए भेजे जाते थे। 1989 में सोवियत सेना की वापसी के बाद संगठन का फोकस जम्मू-कश्मीर पर आ गया। इसी साल पेशावर में एक बम धमाके में अब्दुल्लाह अज्जाम की मौत हो गई। इसके बाद हाफिज सईद ने इस संगठन की कमान संभाल ली। भारत, अमेरिका और कई पश्चिमी देशों का आरोप रहा है कि लश्कर-ए-तैयबा को लंबे समय तक पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI का समर्थन मिलता रहा। पाकिस्तान आधिकारिक तौर पर इन आरोपों से इनकार करता है।

## गोदारा गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले सेना के जवान का पाकिस्तान से कनेक्शन

**जयपुर।** रोहित गोदारा गैंग के लिए हथियार सप्लाई करने वाले सेना के जवान के पाकिस्तानी कनेक्शन की आशंका के चलते सीकर पुलिस ने उसे दोबारा रिमांड पर लिया है। अब एजीटीएफ की स्पेशल टीमें जांच करेंगी। गिरफ्तार जवान डीडवाना के नावां स्थित मिंडा निवासी भोपाल सिंह राजावत का पंजाब के मोस्ट वांटेड जीशान से संपर्क मिला है, जो पाकिस्तानी डॉन शहजाद भट्टी से जुड़ा रहा है। जीशान पूर्व में भट्टी के कहने पर पंजाब के कई थानों में हैंड ग्रेनेड फिंकवा चुका और बाबा सिद्दकी हत्याकांड का मास्टरमाइंड भी रहा है। बाबा सिद्दिकी हत्याकांड के कुछ समय पहले ही जीशान विदेश भाग गया। रिमांड के दौरान सेन्ट्रल आईबी व सेना की इंटेलिजेंस सहित अन्य एजेंसियां भी जॉइंट पूछताछ के लिए आएंगी।

इस कार्रवाई में रिकवर किए गए हथियार विदेशी मेड निकले। भारत में विदेशी मेड हथियार पाकिस्तान बॉर्डर से शहजाद भट्टी ही भिजवाता है। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियों ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए जवान भोपाल को वापस रिमांड पर लिया है। सीकर पुलिस ने 5 दिन पहले सेना के जवान भोपाल सिंह को पकड़ा तो सेना के अधिकारी भी पूछताछ करने पहुंचे थे।

सुरक्षा एजेंसियों के इनपुट के अनुसार जीशान पहले लॉरेंस गैंग से जुड़ा था, लेकिन गैंग में दरार आने के बाद वह गोदारा के खेमे में शामिल हो गया था। बाबा सिद्दकी हत्याकांड के बाद सोशल मीडिया पर इस तरह की पोस्ट भी शेयर की थी। मई-जून में गैंग ने शेखावाटी के 2 व्यापारी और एक राजनेता पर हमला करने की रैकी कर ली थी। इसलिए ही हथियार वहां पहुंचाए थे, लेकिन हमले से पहले बदमाश पकड़े गए।



## स्मृति-शेष

**पुण्यतिथि पर विशेष**

**14 जुलाई 1919 - 26 सितंबर 2001**

# दुनिया के महान सेनानायकों में शुमार हैं लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़

राजस्थान की वीरता का एक गौरवशाली अध्याय हैं राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़, अटूट साहस और अद्वितीय सैन्य नेतृत्व के लिए गर्व से किए जाते हैं याद, 1971 के भारत - पाक युद्ध, बांग्लादेश मुक्ति संग्राम व नाथुला पास की लड़ाई के हीरो कहे जाते हैं देश के सर्वोच्च तीसरे नागरिक सम्मान पद्मभूषण से सम्मानित हुए सगत सिंह राठौड़

चूरू (मनीष कुमार, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, चूरू)। मातृभूमि की रक्षा के लिए राजस्थान की धरती के शौयपूर्ण इतिहास में चूरू जिले और शेखावाटी क्षेत्र ने देशप्रेम के भाव को सदैव जीवंत रखा है। यहां के वीर सपूतों ने हमेशा माटी की लाज रखी है और अपने साहस, अटूट देशप्रेम और जोश से मातृभूमि का मान बढ़ाया है। चूरू के अनेकों वीरों ने मातृभूमि के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है व यहां पीढ़ियों से जवान मां भारती की रक्षा कर रहे हैं। दुनिया में कुछ लोग नेतृत्व करने के लिए ही पैदा होते हैं। ऐसे ही विलक्षण प्रतिभा और कुशल सैन्य नेतृत्व के लिए पूरे विश्व में नाम कमाने वाले चूरू की धरती के अद्वितीय योद्धा राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह राजस्थान की शौर्यपूर्ण वीरगाथा का एक गौरवशाली अध्याय हैं। सगत सिंह राठौड़ अपने युद्ध कौशल, अटूट साहस और अद्वितीय सैन्य नेतृत्व के लिए गर्व से याद किए जाते हैं। उनकी वीरता के किस्से उन्हें दुनिया के महान सेनानायकों में शामिल करते हैं। सगत सिंह राठौड़ गोवा मुक्ति संग्राम, 1971 के भारत पाक युद्ध व बांग्लादेश मुक्ति संग्राम व नाथुला पास की लड़ाई के हीरो कहे जाते हैं और भारतीय सेना के प्रेरणास्रोत हैं।







## चूरू की धरती से निकलकर भारत- पाक युद्ध का किया नेतृत्व

चूरू की धरती से निकले वीर लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ ने भारत पाक युद्ध का भी नेतृत्व किया और बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में भारतीय सेना की ताकत का लोहा मनवाया। जिले के कुसुमदेसर गांव में 14 जुलाई, 1919 को जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ ने 1938 में बीकानेर के डूंगर कॉलेज से इंटरमीडिएट पास कर बीकानेर के महाराजा गंगा सिंह की बीकानेर स्टेट फोर्स (गंगा रिसाला) में नायक पद पर भर्ती से सैन्य जीवन की शुरूआत कर द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अधिकारी के रूप में कमीशन लिया व मिश्र, सीरिया और फिलिस्तीन में अपनी सेवाएं दीं। लेफ्टिनेंट जनरल सगतसिंह को तीन-तीन देशों के साथ युद्ध करने का मौका मिला और उन्होंने इन तीनों देशों के साथ युद्ध में विजय प्राप्त की। परिस्थितियों को समझने और तुरंत निर्णय लेने की क्षमता, साहस व दूरदर्शिता में इतने अद्भुत प्रतिभा के धनी सगत सिंह पहले ऐसे सैन्य अधिकारी थे, जिन्होंने युद्ध के बाद स्टाफ कॉलेज क्वेटा के प्रतिष्ठित कोर्स सहित दो स्टाफ कोर्स किए।

## गोवा मुक्ति-संग्राम : सगत सिंह के सैन्य कौशल से गोवा बना भारतीय गणराज्य का अभिन्न अंग

15 अगस्त, 1947 को भारत ब्रिटिश साम्राज्य की अधीनता से स्वतंत्र हो चुका था, परन्तु अभी तक गोवा में पुर्तगाली शासन बरकरार था। नवंबर, 1961 में ब्रिगेडियर सगतसिंह को 50 पैरा बटालियन की एक डिवीजन के साथ गोवा में तैनात किया गया। ब्रिगेडियर सगतसिंह के नेतृत्व में गोवा मुक्ति अभियान में ऑपरेशन विजय अंतर्गत गोवा में 17 दिसंबर, 1961 को सुबह 4.45 बजे भारतीय सैनिकों ने हमला शुरू किया और 19 दिसंबर, 1961 का गोवा पर कब्जा कर लिया। पुर्तगाल सरकार के प्रधानमंत्री सालाजार ने मैरून बैरेट वाले ब्रिगेडियर सगतसिंह को जिंदा या मुर्दा पकड़ने के लिए 10000 अमेरिकी डॉलर का इनाम घोषित किया, क्योंकि गोवा की राजधानी पणजी में प्रवेश करने वाले वे प्रथम भारतीय सैनिक थे। ब्रिगेडियर सगतसिंह के नेतृत्व में गोवा मुक्ति-संग्राम में मात्र तीन दिन की सैन्य कार्रवाई में गोवा पुर्तगीज कब्जे से आजाद था और पुर्तगाली शासन के अंत के बाद गोवा भारतीय गणतंत्र का अंग बना।

## नाथुला पास की लड़ाई में चीनी सैना का तोड़ा भ्रम

इसी क्रम में गोवा मुक्ति-संग्राम के बाद जुलाई, 1965 में सगत सिंह मेजर जनरल के पद पर पदोन्नत होकर सिक्किम स्थित 17 पर्वतीय डिविजन के जीओसी बने। कार्यग्रहण के कुछ ही समय बाद 1965 के युद्ध में पाकिस्तान की सहायता करने के लिए चीन ने भारत को अंतिम प्रस्ताव देकर नाथुला और जलेप ला से अपनी पोस्टें खाली करने की मांग की। भारतीय सेना ने इस क्षेत्र को खाली करने से मना कर दिया और सगत सिंह के नेतृत्व में 1967 में नाथुला में चीनी सैनिकों के साथ घमासान में भारत ने विजय हासिल की। यह पहली बार हुआ कि चीनियों को मुंह की खानी पड़ी, और उनकी ताकत का भ्रम टूट गया। नाथुला लड़ाई में विजय के फलस्वरूप नाथुला आज भी भारत के कब्जे में है।

सन् 1967 में मिजोरम में मिजो उग्रवाद को नियंत्रित करने के लिए शिलोंग में स्थानान्तरण प्राप्त कर उन्होंने दो वर्ष में उग्रवाद पूरी तरह खत्म कर दिया। 17 माउंटेन डिवीजन के जनरल ऑफिसर ऑफ कमांडिंग जीओसी के रूप में सगतसिंह को असाधारण सेवाओं के लिए 26 जनवरी, 1970 को परम विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया। इस युद्ध पर 2018 में बॉलीवुड फिल्म 'पलटन' भी बनी है, जिसमें जनरल सगत सिंह की भूमिका जैकी श्रॉफ ने निभाई है।

## सगतसिंह और 1971 का भारत-पाक युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का गौरवमयी पहलू

सन 1971 एक ऐसा समय है, जिसे याद करना हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण होता है। भारत- पाक युद्ध, 1971 की सफलता में सबसे महत्वूपर्ण योगदान जनरल सगत सिंह का रहा। लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नति प्राप्त कर 1970 में सगत सिंह ने 04 कोर की कमान संभाली और 1971 के भारत-पाक युद्ध में 04 कोर का नेतृत्व किया। 4 कोर के जीओसी के रूप में जनरल सगत सिंह का पूर्वी कमान में तीसरा कार्यकाल था। सगत सिंह के नेतृत्व में वर्ष 1971 में 3/4 दिसम्बर की रात को शुरू हुए इस ऑपरेशन के तहत मात्र 14 दिनों में पाकिस्तानी सेना का सर्वनाश कर भारत को शानदार जीत मिली। इस युद्ध में उन्होंने सैनिकों को युद्धक्षेत्र में पहुंचाने और दुश्मन को चकमा देने के लिए हैलो बॉर्न (हैलिकॉप्टर की मदद से) ऑपरेशन करने का उन्नत प्रयोग किया। उन्होंने ढ़ाका पर कब्जा करने के लिए मेघना नदी को हेलीकॉप्टर से पार कर 110 उड़ानों में सैनिक टुकड़ियों को दूसरी तरफ उतार दिया। भारतीय सेना के इतिहास में कोर स्तर के सैनिक अभियान का यह ऐतिहासिक उदाहरण था। इस युद्ध में उनकी सबसे बड़ी सैन्य उपलब्धि यह रही कि जब ऑपरेशन शुरू हो रहा था तो उन्होंने पूर्वी पाकिस्तान में नदी नालों से भरे हुए भू-भाग को पार करते हुए लगातार आक्रमण कर पाकिस्तानी सेना को पराजित किया। इसके बाद पाकिस्तानी जनरल नियाजी ने 93,000 सैनिकों के साथ लेफ्टिनेंट जनरल जगजीतसिंह अरोड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण किया व बांग्लादेश आजाद हुआ। युद्ध के विश्व इतिहास में यह सबसे बड़ा सैन्य समर्पण था। इस विजय के नायक वास्तव में सगतसिंह थे।


उनकी वीरता के किस्सों में बताते हैं कि एकबार बांग्लादेश मुक्ति युद्ध के दौरान वे हेलीकॉप्टर से लड़ाई का जायजा लेने गए व युद्ध स्थल पर ही लैंड कर गए तो मुआयने के दौरान ही उनके हेलीकॉप्टर पर पाकिस्तानी सैनिकों की गोलियों से पायलट बुरी तरह जख्मी होने से सह पायलट ने नियंत्रण संभाला और हेलीकॉप्टर वापस अगरतला आया। हेलीकॉप्टर में गोलियों से 64 सुराख हो गए, लेकिन जनरल सगत सिंह पर इसका कोई असर न हुआ और वे दूसरा हेलीकॉप्टर लेकर निरीक्षण पर निकल पड़े।

## जयपुर में बिता अंतिम समय, तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान से हुए सम्मानित

दूसरे विश्वयुद्ध से लेकर बांग्लादेश मुक्ति संग्राम तक विभिन्न युद्धों में अपना कौशल दिखाने वाले श्रेष्ठ फील्ड कमांडर जनरल सगत सिंह का युद्ध कौशल और वीरता के किस्से भारतीय सैनिकों के जोश को दुगुना कर देते हैं वहीं आम आदमी के मन को भी रोमांचित करते हैं। उनके साथ काम कर चुके सैन्य अधिकारियों के अनुसार, सगत सिंह आगे बढ़कर अपने सैनिकों का नेतृत्व करते थे व जूनियर्स को मोटिवेट करते थे। मिलिट्री ट्रेनिंग इंस्टीट्यूशंस में आज भी उनके बारे में युवा सैन्य अधिकारियों को पढ़ाया जाता है।

सगत सिंह को परम विशिष्ट सेवा मेडल (पीवीएसएम) के साथ-साथ बांगलादेश मुक्ति संग्राम में उनके योगदान के लिए तीसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया गया। बांगलादेश सरकार द्वारा भी उन्हें मरणोपरान्त 'मुक्ति संग्राम के मित्र' सम्मान से सम्मानित किया गया।

लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह (परम विशिष्ट सेवा मेडल) ने दिसम्बर, 1974 में सेवानिवृत होकर जयपुर में अपना घर बनाया और 26 सितंबर, 2001 को इस महान सेनानायक का देहांत हुआ। भारतीय सैन्य इतिहास में दर्ज सगत सिंह की बहादुरी के किस्से युद्ध की चर्चाओं में गर्व के साथ सुनाए जाते हैं। मार्च, 2013 को बांगलादेश के राष्ट्रपति ने उनके परिवार को सम्मानित कर उनकी उपलब्धियों का सराहा। हाल ही में प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 08 मार्च, 2026 को चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित गौरव सेनानी समारोह में चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम 1971 के लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम पर किए जाने की घोषणा की है। इसी के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 22 अप्रैल, 2026 को चूरू जिला मुख्यालय पर खेल स्टेडियम के पास लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ की प्रतिमा व स्मारक का भी लोकार्पण किया है। वहीं सगत सिंह के पैतृक गांव कुसुमदेसर में उनकी स्मृति में एक स्मारक बना हुआ है, जिसे देखकर अंचल के युवा जोश, जुनून से भर जाते हैं। राजस्थान की धरती के ऐसे वीर योद्धा सगत सिंह को उनकी पुण्यतिथि पर कृतज्ञ नमन.......



**-मनीष कुमार,**
**सहायक जनसम्पर्क अधिकारी, चूरू**

## शेखावाटी

# राष्ट्रगीत के 150वें वर्ष पर सामूहिक वाचन, 6447 विद्यार्थियों ने लिया भाग



**ज़ूम न्यूज़ • चूरू**

स्थानीय कृषि उपज मंडी के सामने स्थित श्रीमती केशर देवी सोती आदर्श विद्या मंदिर में शुक्रवार को राष्ट्रगीत के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में प्रातः 11 बजे राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' का सामूहिक वाचन एवं गायन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, स्टाफ, अभिभावकों, पूर्व छात्रों, महाविद्यालय के विद्यार्थियों सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में सब जेलर दिलीप जांगिड़, शिक्षाविद् ओमप्रकाश तंवर, पितृकुल फाउंडेशन के प्रमुख सुरेश शर्मा, व्यवस्थापक सत्यनारायण सैनी, पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष सुनील बालान, स्थानीय प्रबंध समिति सदस्य जगदीश नायक, बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्या सरिता शर्मा, प्रधानाचार्य विक्रम नाथावत, लालचंद सर्वा एवं संकुल प्रमुख किशन लाल सैनी का सान्निध्य रहा। संकुल प्रमुख किशन लाल सैनी ने बताया कि अखिल भारतीय विद्या भारती शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ के प्रयासों से अन्य शिक्षण संस्थानों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों सहित कुल 6447 प्रतिभागियों ने राष्ट्रगीत का सामूहिक वाचन किया। विद्यालय परिसर में बालिका आदर्श विद्या मंदिर एवं सोती विद्यालय के लगभग 1411 भैया-बहनों, अध्यापकों, वाहन स्टाफ एवं कर्मचारियों ने भी सामूहिक रूप से 'वंदे मातरम्' का गायन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सब जेलर दिलीप जांगिड़ एवं शिक्षाविद् ओमप्रकाश तंवर ने राष्ट्रगीत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 'वंदे मातरम्' देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रभावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति समर्पण एवं जिम्मेदारी की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# अपराध गोष्ठी में एसपी निश्चय प्रसाद एम ने दिए सख्त निर्देश, लंबित मामलों के निस्तारण पर जोर

**ज़ूम न्यूज़ • चूरू**

पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन चूरू के सभागार में अपराध गोष्ठी आयोजित कर जिले में लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण और अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, वृताधिकारी एवं जिले के सभी थानाधिकारी मौजूद रहे। एसपी ने पुलिस मुख्यालय के निर्धारित मापदंड के अनुसार लंबित मामलों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने बीएनएस, स्थानीय विशेष



अधिनियम, महिला अत्याचार, एससी-एसटी एवं निरोधात्मक कार्रवाई की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान एवं बरामदगी प्रतिशत में सुधार करने पर भी जोर दिया। उन्होंने पांच वर्ष से अधिक तथा एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मामलों के लिए कार्ययोजना बनाकर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। दो माह से अधिक पुराने एससी-एसटी, पॉक्सो, दुष्कर्म, लंबित अनुसंधान और रिआपन मामलों को भी प्राथमिकता से निपटाने को कहा।

एसपी ने एनडीपीएस, आर्म्स, आबकारी और जुआ अधिनियम सहित अन्य कानूनों के तहत अधिक प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ईनामी अपराधियों, स्थायी वारंटियों और टॉप-10 अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ हार्डकोर अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने पर भी जोर दिया। पुराने मालखाना सामान के अधिक संख्या में लंबित होने पर न्यायालय से पत्राचार कर उनके निस्तारण की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। एनडीपीएस मामलों में जब्त वाहनों के मालिकों को नोटिस जारी कर नियमानुसार वाहन छुड़वाने की प्रक्रिया अपनाने तथा मालिक सामने नहीं आने पर जिला स्तरीय समिति के माध्यम से नीलामी कराने के निर्देश दिए। एसपी ने एफआईआर दर्ज करते समय माल-मशरूका का सही इंद्राज और अंतिम नतीजा देने से पहले बरामद माल का सही विवरण पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए। साथ ही आईटीएसएसओ पोर्टल पर आवश्यक फार्म अपलोड करने और धारा 107, 111 एवं 112 बीएनएस के तहत निरोधात्मक कार्रवाई बढ़ाने के निर्देश दिए।

# कोलकाता प्रवासी भामाशाह श्रीवर्धन मोहता ने जनसंपर्क अधिकारी सूर्यकान्त कुमावत को भेंट किया लैपटॉप

**ज़ूम न्यूज़ • चूरू**

मोहता संस्थानों के चेयरमैन एवं कोलकाता प्रवासी श्रेष्ठी भामाशाह श्रीवर्धन मोहता ने सूर्यकान्त कुमावत, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी चूरू को लैपटॉप भेंट किया। चूरू के राजगढ़ मूल के श्रीवर्धन मोहता कोलकाता में व्यवसाय एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं तथा अपनी मातृभूमि के प्रति सदैव उदार भाव से सहयोग करते रहे हैं।

मोहता संस्थाओं द्वारा चूरू जिले में शिक्षा एवं सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता रहा है।



इस अवसर पर मोहता संस्थाओं के सीईओ डॉ. प्रताप सिंह राठौड़, मोहता पीजी कॉलेज प्राचार्य डॉ. गजेन्द्र सिंह शेखावत, उप प्राचार्य सुनील सहारण, श्याम जैन, मदन मोहन आचार्य, मंगेज सिंह, देशदीपक किरोड़ीवाल, श्रीकान्त शर्मा, मोहता हवेली प्रबंधक मनीष डोरवाल एवं दूलीचंद सोनी आदि उपस्थित रहे।

## मेयर 53 वोट से जीते; कांग्रेस को 47 मत मिलेः भाजपा के 45, कांग्रेस के 44, 10 निर्दलीय और एक आरएलपी का प्रत्याशी पार्षद बना था

# जोधपुर में बीजेपी के प्रसन्नचंद मेहता बने मेयरः जीत के बाद बोले- सड़कों का काम होगा



बेटियां भी खुश



जश्न



कांग्रेस पार्षद

**जूम न्यूज • जोधपुर**

बीजेपी के प्रसन्नचंद मेहता जोधपुर नगर निगम के नए मेयर बन गए हैं। जीत के बाद समर्थक कंधे पर बैठाकर उन्हें निगम परिसर से बाहर लेकर आए। मेहता का परिवार भी निगम पहुंचा। उनकी बेटियां दौड़ते हुए पिता के पास पहुंची और गले लगा लिया। जीत के बाद मेहता ने कहा कि उन्हें 53 वोट मिले। दीपावली पास आ रही है इसलिए सबसे पहले शहर की सड़को को लेकर काम होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पृष्ठभूमि से आने वाले प्रसन्नचंद मेहता संगठन के पुराने सिपाही हैं और भाजपा में जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश उपाध्यक्ष जैसे कई अहम पदों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं। असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के भी नजदीकी है। बीजेपी के प्रसन्नचंद मेहता को 53 वोट मिले। वहीं कांग्रेस के राजेंद्र सोलंकी को 47 वोट मिले। भाजपा के पास 45 और कांग्रेस के पास 44 पार्षद थे। वहीं, 10 निर्दलीय और एक आरएलपी का प्रत्याशी पार्षद बना था।



### गोपनीयता भंग करने का लगा आरोप

चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता एवं पार्षद नरेश जोशी ने आरोप लगाया कि मतपत्र पर सीरियल नंबर डाल कर वोट की गोपनीयता को भंग किया गया। उन्होंने बताया कि इसके बारे में सुबह जानकारी मिली थी। इन नंबर से ये पता चल जाएगा कि किसने किसे वोट दिया। इससे वोट की विश्वसनीयता खत्म होगी।

### कांग्रेस ने लगाया आरोप- भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पत्थरबाजी की

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा के कार्यकर्ताओं ने पार्षदों की बस रोकने और पत्थरबाजी करने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता करण सिंह उचियारड़ा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने बस के आगे बैठकर नारेबाजी की और फिर बस जाने लगी तो पत्थरबाजी की। यह प्रशासन की नाकामी है।

### पहले बाहर किया, फिर वोटिंग के बाद बीजेपी पार्षदों को अंदर भेजने पर विवाद

भाजपा पार्षदों को वोट देने के बाद निगम गेट के बाहर किया गया। इसके बाद बीजेपी जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल ने निगम का गेट खोला और पार्षदों को दोबारा निगम के अंदर ले गए। इसका कांग्रेस पार्षदों ने विरोध किया। वे बोले जब हमें वोट डालने के बाद बाहर किया तो भाजपा पार्षदों को क्यों अंदर भेजा।

---

कोटा नगर निगम

## अनुसुईया गोस्वामी मेयर, कुर्सी पर बैठते ही भावुक हुईं

### कांग्रेसः क्रॉस वोटिंग, 39 पार्षद थे, 35 वोट मिले



**जूम न्यूज • कोटा**

कोटा नगर निगम में बीजेपी की अनुसुईया गोस्वामी मेयर बन गई हैं। मेयर की कुर्सी पर बैठते हुए अनुसुइया गोस्वामी भावुक हो गईं। उन्होंने विधायकों का आशीर्वाद लिया और मेयर टेबल को प्रणाम कर कुर्सी पर बैठीं। मेयर ने कहा कि मेरे ऑफिस में आने के लिए किसी भी कार्यकर्ता या आम जनता को किसी पर्ची की जरूरत नहीं पड़ेगी। लोग अपनी समस्याएं लेकर सीधे ऑफिस आ सकेंगे।

बीजेपी को 65 वोट, कांग्रेस को 35 वोट मिले। कांग्रेस खेमे में क्रॉस वोटिंग हुई। कांग्रेस के 39 पार्षद होने के बाद भी उनकी मेयर दावेदार सुनीता सुमन को 35 वोट ही मिले। वहीं बीजेपी के पास 57 पार्षद थे। 4 निर्दलीय में से 2 पहले ही भाजपा को समर्थन दे चुके थे। कोटा नगर निगम मेयर चुनाव के लिए बीजेपी के पार्षद बस से मतदान करने निगम पहुंचे थे। पार्षदों ने सिर पर पगड़ी पहन रखी थी। बीजेपी की मेयर प्रत्याशी अनुसुईया गोस्वामी ने दावा किया कि अच्छे वोटों से उन्हें जीत हासिल होगी। कांग्रेस पार्षद मेयर प्रत्याशी सुनीता सुमन के साथ मतदान के लिए पहुंचे थे। वोटिंग से पहले सुनीता सुमन ने कहा कि हम जीतेंगे ये उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सभी पार्षद एक साथ हैं।

शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोलीं- बहुमत के बाद भी हमारे पार्षदों पर दबाव डालाः वोटिंग के दौरान शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राखी गौतम ने प्रशासन पर पक्षपात का आरोप लगाया था। राखी गौतम ने कहा कि बीजेपी डरी हुई है। बहुमत के बाद भी कांग्रेस पार्षदों पर दबाव की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि वोटिंग के लिए आने के दौरान बीजेपी नेताओं को अंदर आने दिया गया, लेकिन कांग्रेस नेताओं को बाहर रोका गया।

### सुकेत नगर पालिका के अध्यक्ष बने जितेंद्र चोपड़ा

कोटा जिले की 25 वार्ड वाली सुकेत नगर पालिका में भाजपा के जितेंद्र चोपड़ा अध्यक्ष बनें हैं। अध्यक्ष के चुनाव में भाजपा के जितेंद्र चोपड़ा को 13 व कांग्रेस के उमरदीन को 12 वोट मिले। भाजपा के जितेंद्र को 1 वोट से जीत मिली। यहां कांग्रेस के 11, भाजपा के 10 और 4 निर्दलीय जीतकर पार्षद बने हैं।

# कोटा में पूजन के बाद अनंत चतुर्दशी पर शोभायात्रा शुरूः 90 अखाड़े, 200 झांकियां और 10 भजन मंडलियां शामिल; 18 घंटे चलेगा जुलूस

**थिंक राजस्थान • कोटा**


कोटा में अनंत चतुर्दशी पर सूरजपोल गेट से शोभायात्रा शुरू हुई शोभायात्रा से पहले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की गई। साधु-संतों की मौजूदगी में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शामिल होकर विधि-विधान से भगवान गणेश का पूजन किया। बिरला ने भगवान गणेश से कोटा सहित समस्त क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इससे पहले पुराने कोटा के अलग-अलग इलाकों से झांकियां और अखाड़े सूरजपोल गेट पहुंचे। सूरज पोल गेट से शोभायात्रा शुरू हुई। जो करीब 18 से 19 घंटे चलेगी।

आयोजकों के मुताबिक- जुलूस में 4 से 5 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। शोभायात्रा में करीब 90 अखाड़े, 200 झांकियां, 10 भजन और 10 डांडिया मंडलियां, पंजाब का पारंपरिक युद्ध कौशल गतका इस बार खास आकर्षण हैं। करीब 150 स्वागत समितियां जुलूस का स्वागत करेंगी।

शोभायात्रा सूरजपोल से मोखापाड़ा, कैथूनीपोल, सब्जीमंडी, चारखंभा, रामपुरा और आर्य समाज मार्ग होते हुए बारहदरी पहुंचेगी। नए कोटा में भी शाम 6 बजे शोभायात्रा निकलेगी, इसमें 51 झांकियां, 16 अखाड़े और 5 भजन मंडलियां शामिल होंगी। गणेश प्रतिमाओं का 11 स्थानों पर विसर्जन होगा। अग्निशमन विभाग की 25 से ज्यादा नावें विसर्जन व्यवस्था में लगाई गई हैं। जुलूस को लेकर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था पूरी कर ली है। सूरजपोल, कैथूनीपोल, गांधीजी की पुल, श्रीपुरा, सब्जीमंडी, रामपुरा और बारहदरी मार्ग पर वाहनों की नो-एंट्री रहेगी। वहीं जुलूस मार्ग पर सुबह 8 बजे के बाद वाहन, ठेले और रिक्शे खड़े करने पर रोक रहेगी। शोभायात्रा मार्ग पर 100 से ज्यादा स्वागत द्वार और 65 जलपान-अल्पहार स्टॉल लगी हैं।



## बाड़मेरः नाटक 'संक्रमण' का मंचन



**जूम न्यूज • बाड़मेर**। बाड़मेर में वेदांता ऑयल एंड गैस के मंगला टर्मिनल (MPT) के निकट मंगलकुंज में गुरुवार रात को अभिनय गुरुकुल कल्चरल एजुकेशन सोसाइटी के कलाकारों ने नाटक 'संक्रमण' का मंचन किया गया। इसके जरिए एक परिवार के अंदर बदले रिश्तों को प्रस्तुत किया गया है। कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शकों की तालियों, ठहाकों और नम आंखों के बीच संपन्न हुई। इस अवसर पर वेदांता ऑयल एंड गैस के वरिष्ठ अधिकारी, कार्मिक और उनके परिवारजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन का केंद्रीय संदेश था- "वेलनेस का सहज आधार है रंगमंच।" नाटक के माध्यम से एक परिवार के भीतर बदलते रिश्तों, पीढ़ियों के वैचारिक टकराव और भावनात्मक संघर्ष को संवेदनशील एवं प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। पिता की भूमिका में वरिष्ठ रंगकर्मी भवानी सिंह चौहान, माता की भूमिका में स्वाति व्यास तथा पुत्र की भूमिका में राजेश विश्नोई ने अभिनय किया। तीनों कलाकारों ने पिता-पुत्र के वैचारिक द्वंद्व और मां-पुत्र के भावनात्मक संबंधों को मंच पर जीवंत कर दिया।

# क्लेम खारिज करना बीमा कंपनी को पड़ा भारीः 32,893 रुपए लौटाने होंगे

### 1 लाख रुपए उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा कराने का आदेश

**जूम न्यूज • जालोर**




हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम को खारिज करना बीमा कंपनी को भारी पड़ा। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, जालोर ने जालोर निवासी सूरज राज पुत्र बाबूलाल की शिकायत पर सुनवाई करते हुए बीमा कंपनी को 32,893 रुपए चिकित्सा खर्च की प्रतिपूर्ति करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही 40 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति एवं परिवाद व्यय के रूप में अदा करने और 1 लाख रुपए राज्य उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा कराने का आदेश दिया है। 13,708 रुपए प्रीमियम देकर ली थी पॉलिसीः परिवादी ने निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी की हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी ली थी। इसके लिए उसने 13,708 रुपए प्रीमियम जमा कराया था। इसके बाद चिकित्सा खर्च से संबंधित क्लेम किया गया, जिसे बीमा कंपनी ने दिसंबर 2022 में खारिज कर दिया था।

विसंगतियों और गलत जानकारी को बनाया था आधारः बीमा कंपनी की ओर से क्लेम खारिज करने के लिए कथित विसंगतियों और गलत जानकारी दिए जाने को आधार बताया गया था। मामले की सुनवाई के बाद जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के अध्यक्ष घनश्याम यादव और सदस्य निरंजन शर्मा ने बीमा कंपनी को 32,893 रुपए चिकित्सा खर्च की राशि अदा करने के निर्देश दिए।

### देरी पर ब्याज भी देना होगा

आयोग ने 40 हजार रुपए मानसिक क्षतिपूर्ति एवं परिवाद व्यय के रूप में देने के साथ 1 लाख रुपए राज्य उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा कराने का भी आदेश दिया है। आदेश की पालना निर्धारित अवधि में करने के निर्देश दिए गए हैं। तय अवधि में भुगतान नहीं करने पर आदेश में निर्धारित ब्याज की व्यवस्था भी की गई है।

# जालोर में कांग्रेस की जनसभा, पाराशर ने भाजपा पर साधा-निशाना, आरोप- हारने वाले लोग अब पार्षदों को धमका रहें

**जूम न्यूज • जालोर**




जालोर में नगर परिषद के नवनियुक्त सभापति बंशीलाल माली ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। शाम को कांग्रेस पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने शहर में विजय जुलूस निकाला। इसके बाद रात को कांग्रेस कार्यालय में जनसभा आयोजित हुई। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता पुखराज पाराशर ने जालोर में कांग्रेस का बोर्ड बनाने में सहयोग देने वालों का आभार जताया और भाजपा पर कई आरोप लगाए। इसके साथ ही पाराशर ने दावा किया कि चुनाव हारने के बाद कुछ लोग धमकियां दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसकी सत्यता स्पष्ट नहीं है। उन्होंने पार्षदों और कार्यकर्ताओं से किसी भी धमकी की सूचना देने और बिना डरे काम करने की अपील की।

पाराशर ने कहा कि प्रदेश में 3 साल से भाजपा की सरकार है। इससे पहले 12 साल तक जालोर नगर परिषद में भाजपा का बोर्ड रहा। इसके बावजूद शहर की सड़कें खुदी पड़ी हैं और सीवरेज सिस्टम जगह-जगह जाम और खुला है। उन्होंने ऐतिहासिक और धार्मिक सुंदेलाव तालाब की स्थिति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि जोगेश्वर गर्ग सरकार में मंत्री रहते हुए जालोर के विकास के लिए बजट नहीं ला सके। पाराशर ने चुनौती देते हुए कहा कि पिछले तीन साल में सरकार से स्वीकृत कराए गए एक काम का नाम बताया जाए।

**आरओबी और मेडिकल कॉलेज के मुद्दे पर भी बोलेः** जालोर के आरओबी का जिक्र करते हुए पाराशर ने कहा कि गर्ग अब इसका श्रेय केंद्र की भाजपा सरकार को देते हैं, जबकि विधानसभा में उन्होंने आरओबी की स्वीकृति के लिए पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को धन्यवाद दिया था। मेडिकल कॉलेज के मुद्दे पर पाराशर ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने इसके लिए करीब 350 करोड़ रुपए स्वीकृत किए थे। उन्होंने कहा कि टेंडर होने और काम शुरू होने के बाद भी निर्माण क्यों रुका, इसका जवाब मिलना चाहिए। पाराशर ने कहा कि मेडिकल कॉलेज को पीपीपी मोड पर देने की चर्चा सुनने में आ रही है। ऐसा हुआ तो इसे जालोर के साथ अन्याय मानकर विरोध किया जाएगा।

पाराशर ने सभापति, उपसभापति और पार्षदों से कहा कि वे सबसे पहले अपने वार्डों की गलियों में जाएं, लोगों से मिलें, उनकी समस्याएं सुनें और उनका समाधान कराएं। उन्होंने दावा किया कि चुनाव हारने के बाद कुछ लोग धमकियां दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसकी सत्यता स्पष्ट नहीं है। उन्होंने पार्षदों और कार्यकर्ताओं से किसी भी धमकी की सूचना देने और बिना डरे काम करने की अपील की।

## पिता बोले- गर्भपात की दवाइयां देते थे, तंत्र-मंत्र से टॉर्चर किया

# सरकारी टीचर की बेटी को पेट्रोल डाल जिंदा जलाया, 14 साल पहले हुई शादी

**जूम न्यूज • जैसलमेर**

शादी के 14 साल बाद सरकारी टीचर की बेटी को ससुराल में पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। 90 फीसदी से ज्यादा झुलसी महिला ने जोधपुर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मामला जैसलमेर के खुहड़ी थाना क्षेत्र के कोरवा गांव का है। घटना 21 सितंबर की रात करीब एक बजे हुई। 24 सितंबर की सुबह जोधपुर में इलाज के दौरान हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। पिता का आरोप है कि पुश्तैनी जमीन हड़पने के लिए जेठानी ने उसकी बेटी के संतान नहीं होने दी। उसे धोखे से गर्भपात की दवाइयां और संदिग्ध चीजें दी जाती थीं। परिवार के लोग इलाज के नाम पर तंत्र-मंत्र और टोने-टोटके करते थे। मानसिक रूप से डराते-धमकाते थे। मायके से कार लाने के लिए भी उसे प्रताड़ित किया जाता था। दहेज हत्या के आरोप में पुलिस ने पति, ससुर, सास और जेठानी को गिरफ्तार किया है।

### जेठानी पर जमीन हड़पने और गर्भपात के लिए दबाव डालने का आरोप

खुहड़ी थाना प्रभारी भागु राम ने बताया कि माणपिया गांव निवासी सरकारी टीचर पुरखाराम भील की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, उनकी बेटी हिना की शादी 29 जून 2012 को कोरवा गांव निवासी भगवानाराम से हुई थी।

शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग हिना को शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करने लगे। आरोप है कि जेठानी अमृता देवी बपौती जमीन हड़पना चाहती थी और इसलिए नहीं चाहती थी कि हिना के कोई संतान हो। इसके लिए उसे धोखे से गर्भपात कराने वाली दवाइयां और संदिग्ध चीजें दी जाती थीं। इससे उसकी सेहत लगातार गिरती जा रही थी।

### पेट्रोल डाल आग लगाई, 90% से ज्यादा झुलसी

परिवार के लोग अंधविश्वास के चलते हिना को जबरन स्थानीय माता के थान पर ले जाते थे। वहां तांत्रिक क्रियाएं और टोने-टोटके कर उसे मानसिक रूप से डराने-धमकाते थे। इसके अलावा, दो साल पहले खरीदी गई कार को मायके से लाने की मांग को लेकर भी हिना को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, 21 सितंबर 2026 की रात करीब एक बजे के बाद आरोपियों ने हिना पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी।

# जयपुर नगर निगम के मेयर बने भाजपा के सुनील कोठारी: 89 वोट मिले

## जीत के बाद बोले- मजबूत विपक्ष से शहर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी, कांग्रेस की सुनीता मावर को मिले 60 वोट मिले



जूम न्यूज • जयपुर

बीजेपी के सुनील कोठारी जयपुर नगर निगम के नए मेयर बन गए हैं। मेयर पद के लिए सुनील कोठारी 89 वोट मिले है। वहीं, कांग्रेस की सुनीता मावर को 60 वोट मिले है। कोठारी को पार्टी के पार्षदों के अलावा 11 अन्य वोट मिले और वे बहुमत का आंकड़ा पार जीते। जीत के बाद भास्कर से बातचीत में सुनील कोठारी ने कहा- जयपुर की जनता का जीवन सरल बने, इसकी प्राथमिकता रहेगी। इतिहास और परंपरा को आगे साथ लेकर जाएंगे। ऐसा शहर बनाएंगे, जो सपनों को उड़ान दे सके। उन्होंने कहा कि मजबूत विपक्ष से शहर को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। हम सब मिलकर आगे बढ़ेंगे। वैचारिक मतभेद हो सकता है, लेकिन सभी जयपुर का विकास चाहते हैं। परकोटा एतिहासिक धरोहर बना रहे, इसको लेकर भी काम करेंगे। स्वच्छता पहली प्राथमिकता रहेगी। राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम के अनुसार जयपुर नगर निगम के 26 सितंबर को डिप्टी मेयर पद के लिए चुनाव होगा।

### पार्टी में बड़ी जिम्मेदारियां संभाल चुके कोठारी

सुनील कोठारी वार्ड 112 से पार्षद चुने गए थे। उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को करीब 900 वोटों के अंतर से हराया था। इससे पहले भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष, प्रदेश सचिव और प्रदेश उपाध्यक्ष जैसी जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। मेयर सुनील कोठारी आज शाम 5 बजे अपना पदभार ग्रहण करेंगे। पंडितों की ओर से निकाले गए मुहूर्त के अनुसार मेयर पद का पदभार ग्रहण करेंगे

### वोटिंग के दौरान कांग्रेस का हंगामा

मतदान के दौरान कांग्रेस विधायक रफीक खान निगम पहुंचे थे लेकिन उन्हें एंट्री नहीं दी गई। इसके बाद



वे किशनपोल विधायक अमीन कागजी, कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुनील शर्मा के साथ धरने पर बैठ गए। कांग्रेस के पार्षदों को वोट देने जाने से रोकने का आरोप भी लगाया गया। समझाइश के बाद वे माने और धरना खत्म किया। फिलहाल पार्षद अंदर वोटिंग कर रहे है। वोटिंग के तुरंत बाद काउंटिंग शुरू हो जाएगी और जयपुर को अपना मेयर मिल जाएगा। इससे पहले आज सुबह सबसे पहले बीजेपी-कांग्रेस के मेयर दावेदार सुनील कोठारी और सुनीता मावर पहुंच गए थे और दोनों ने अपनी-अपनी जीत को दावा किया। वहीं पार्षद नगर निगम की चौखट पर माथा टेककर अंदर गए।

## ब्रीफ न्यूज

### दिनदहाड़े घर के बाहर से बाइक चोरी: स्कूटी से आया था बदमाश,



जूम न्यूज • जयपुर

मुरलीपुरा थाना क्षेत्र के मंगल विहार स्थित गोविंदम रेजीडेंसी में गुरुवार को दिनदहाड़े घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोर एक्टिवा से मौके पर पहुंचा और कुछ ही देर में बाइक लेकर फरार हो गया। हैरानी की बात यह रही कि आरोपी अपनी एक्टिवा घटनास्थल पर ही छोड़ गया। बलदेव सिंह ने बताया कि उन्होंने सुबह करीब 7:15 बजे अपनी होंडा ड्रीम योगा बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। इसके बाद वह घर के अंदर चले गए। करीब 9 बजे बाहर आने पर बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बाद भी बाइक का पता नहीं चला। इसके बाद आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें चोरी की पूरी घटना सामने आई। फुटेज में एक व्यक्ति एक्टिवा से आता दिखाई दे रहा है। वह घर के बाहर खड़ी बाइक को लेकर मौके से फरार हो गया, जबकि अपनी एक्टिवा वहीं छोड़ गया। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस CCTV फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और चोरी गई बाइक की तलाश में जुटी है।

### पति-बेटे ने लेडी-डॉन की हत्या कर शव कुएं में फेंका, 15 माह बाद गिरफ्तार

जूम न्यूज • जयपुर

जयपुर की 'लेडी डॉन मिंटू' की हत्या के मामले का पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया है। उसके पति और बेटे को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया- लेडी डॉन मिंटू उन्हें बेल्ट से पीटती थी। पति को उसके अवैध संबंध का भी शक था। जिससे बाप-बेटे ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। शव को कंबल में लपेटकर



ऑटो से ले जाकर सूखे कुएं में फेंक दिया था। रिश्तेदारों के पूछने पर उसके जेल में होने की बात कह देते थे। घटना मुहाना थाना क्षेत्र की है। 15 महीने बाद पुलिस ने बुधवार को शव बरामद कर आरोपियों को पकड़ा। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया- लेडी डॉन सीमा चौधरी उर्फ मिंटू की हत्या के आरोप में उसके पति लालाराम (42) और बेटा हरिओम (20) निवासी किशोरपुरा, थाना मुहाना वर्तमान पता- प्लॉट नंबर बी-5, वृंदावन गार्डन के पीछे, देवराज नगर, मदरामपुरा, सांगानेर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हरिओम ऑटो चलाने का काम करता है और लालाराम मजदूरी करता है। मिंटू चौधरी उर्फ सीमा चौधरी 27 मई 2025 से घर से लापता थी। उसका मोबाइल भी उसी दिन से बंद था। 21 जुलाई 2025 को उसके बेटे हरिओम चौधरी ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पति और बेटे ने मिंटू चौधरी के न मिलने पर भी कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। लेडी डॉन मिंटू चौधरी के नहीं मिलने पर पति और बेटे ने पुलिस से कभी पूछने नहीं गए।

# लॉरेंस गैंग ने रची पूर्व विधायक के मर्डर की साजिश: शूटर्स के मोबाइल में मिली फोटो

### ▪ फार्म हाउस पर भीड़ होने पर बदला प्लान

**जयपुर**। जोधपुर में पकड़े गए लॉरेंस गैंग के शूटरों ने पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है। गैंग ने कांग्रेस के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की हत्या की साजिश रची थी। पुलिस को आरोपियों के मोबाइल फोन से पूर्व विधायक की फोटो मिली है।

शूटरों से सिरोही में लोढ़ा के फार्म हाउस की रेकी करवाई गई थी। फार्म हाउस पर पार्षदों की भीड़ होने के कारण गैंग ने वारदात का प्लान बदल दिया। दोनों को जोधपुर भेज दिया गया था। साजिश को विदेश से ऑपरेट करने और हरियाणा के गुर्गों के जरिए शूटरों को लोकल सपोर्ट देने की बात सामने आई है। दोनों शूटर नेपाल से यहां पहुंचे थे। जिसके चलते कई दिनों तक संयम लोढ़ा के फार्म हाउस की रेकी की गई। लेकिन निकाय चुनाव की भीड़ के चलते वारदात को अंजाम नहीं दे सके। इसके बाद दोनों जोधपुर पहुंचे। दरअसल, एजीटीएफ इंस्पेक्टर राम सिंह को मिली सूचना के बाद जोधपुर पुलिस को इनपुट दिया गया। एजीटीएफ ने जोधपुर पुलिस के सहयोग से 20 सितंबर को पंजाब निवासी जसकरण सिंह उर्फ करण उर्फ सन्नी उर्फ कट्टा और राजिंदर उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया था। दोनों पर पंजाब पुलिस ने 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पूछताछ में



सामने आए इनपुट के आधार पर पुलिस ने पाली-सिरोही हाईवे पर ढोला गांव के पास झाड़ियों में छिपाए गए हथियार भी बरामद किए।

### पाली हाईवे की झाड़ियों में छिपाए थे हथियार

शूटर्स की निशानदेही पर पाली से सिरोही की ओर ढोला गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर आगे हाईवे के दाहिनी तरफ करीब 200 मीटर दूर सुनसान स्थान पर बबूल की घनी झाड़ियों के बीच कपड़े की थैली बरामद की गई। इसमें हथियार छिपाकर रखे गए थे। पुलिस के मुताबिक यहां से तुर्की मेड 9 एमएम जिगाना/एफएक्स-9 पिस्टल, ऑस्ट्रिया मेड 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल, दोनों की मैगजीन सहित कुल 36 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। हथियारों को शूटर्स के पकड़े जाने के बाद उनकी सूचना पर बरामद किया गया। जांच में सामने आया कि सिरोही में संयम लोढ़ा के फार्म हाउस के आसपास गैंग से जुड़े लोगों ने पहले रेकी की थी। फार्म हाउस के पास पहाड़ी से लोढ़ा के आने-जाने और गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।

रेकी के दौरान शूटरों ने ये भी पता लगाया कि संयम लोढ़ा कब फार्म हाउस पर रहते हैं। उनसे मिलने कौन-कौन आता है। सुनसान और पहाड़ियों का इलाका किस तरफ है। साथ ही वारदात के बाद किस तरफ से फरार हुआ जा सकता है। पुलिस को दोनों आरोपियों के होटल, ढाबे और रेस्टोरेंट में आने-जाने के सीसीटीवी फुटेज भी मिले हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि विधायक और उनके भाई के बीच विचार नहीं मिलते थे, इसलिए उन्हें निशाना बनाने की योजना थी। हालांकि इस दावे और टारगेट की पूरी पुष्टि पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट होगी।

### 14 घंटे होटल में रुके थे शूटर

सिरोही कनेक्शन की जांच में पुलिस को शूटरों की गतिविधियों का सीसीटीवी फुटेज भी मिला है। दोनों 17 सितंबर की शाम करीब 6:15 बजे बाइक से ब्यावर-पिंडवाड़ा हाईवे पर अरठवाड़ा गांव के पास एक होटल पहुंचे थे। करीब तीन मिनट बाद फर्जी आधार कार्ड देकर कमरा लिया। दोनों रातभर होटल में रुके और अगले दिन सुबह करीब 8:23 बजे वहां से रवाना हुए।

# एसीबी की कार्रवाई; रिश्वत लेते सीनियर स्टैटिकल ऑफिसर ट्रैप

## फर्म पर पेनल्टी का दबाव बनाकर मांगे 15 हजार रुपए

जूम न्यूज • जयपुर

जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्रवाई के दौरान शुक्रवार को सीनियर स्टैटिकल ऑफिसर मुकेश माल्या को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते ट्रैप किया गया। आरोप है कि भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन के वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी(सीनियर स्टैटिकल ऑफिसर) मुकेश माल्या ने एक फर्म पर पेनल्टी लगाने का दबाव बनाकर 15 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की थी। कार्रवाई के दौरान अधिकारी की किडनी की बीमारी की जानकारी सामने आई। जिसके चलते उन्हें एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका SMS अस्पताल में उपचार जारी है।

ACB डीआईजी सेकेंड, जयपुर ओमप्रकाश मीणा ने बताया कि जयपुर की ग्रीन माउंटेन जेम्स प्राइवेट लिमिटेड रत्न पन्ना की मैन्युफैक्चरिंग का काम करती है। फर्म का रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिक्स एंड प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन, भारत सरकार की ओर से जारी किया गया है। आरोप है कि 24 सितंबर को वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मुकेश माल्या ने फर्म पर पेनल्टी लगाने का दबाव बनाते हुए 15 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद ACB चौकी जयपुर नगर चतुर्थ ने शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन में रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर शुक्रवार को एएसपी मनोज कुमार गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस इंस्पेक्टर रामजीलाल और उनकी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया।

### किडनी की बीमारी के चलते एसएमएस अस्पताल में भर्ती

ट्रैप कार्रवाई के दौरान आरोपी मुकेश माल्या ने बताया कि वह पहले से किडनी संबंधी बीमारी का उपचार करा रहा है। इसके बाद ACB टीम उसे तत्काल गणगौरी अस्पताल लेकर गई, जहां प्राथमिक उपचार कराया गया। डॉक्टर्स की सलाह पर उसे SMS अस्पताल रेफर किया गया। एएसपी मनोज कुमार गुप्ता और आरोपी के भाई सुरेश कुमार माल्या के साथ उसे SMS अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। वहीं, ACB की शेष टीम मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में होगा अनुसंधान

ADG, ACB स्मिता श्रीवास्तव और IG एस. परिमला के सुपरविजन में मामले की आगे की कार्रवाई जारी है। ACB ने बताया कि मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच की जाएगी।

# पत्नी ने बेटी के साथ मिलकर की पति की हत्या: आरोप- सिर फोड़कर फंदे से लटकाया शव; गले पर नहीं थे निशान

जूम न्यूज • जयपुर

जयपुर में कमरे में फंदे से शव लटके मिलने के मामले में नया मोड आ गया है। मौत के तीन महीने बाद



मृतक की पत्नी और बेटी पर हत्या का आरोप लगाया गया है। मृतक की बहन का आरोप है कि झगड़े के बाद भाई की पत्नी और बेटी ने उसका सिर फोड़ दिया था। दोनों ने सबूत मिटाने के लिए खून से सने कपड़ों को जलाकर फर्श को धो दिया था। शिवदासपुरा थाना पुलिस ने गुरुवार रात मृतक की पत्नी-बेटी और साले के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। SHO (शिवदासपुरा) राजेश गौतम ने बताया- शिवदासपुरा के बीलवा निवासी कालू स्वामी (38) की 3 महीने पहले मौत हुई थी। अब दिल्ली बाईपास की रहने वाली मृतक की बहन ममता शर्मा (40) ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करवाई है। रिपोर्ट में बताया कि कालू स्वामी अपनी पत्नी अनिता (37), बेटी चंचल (18) और साले गजानंद (35) के साथ रहता था। अपनी बेटी के व्यवहार को सुधारने को लेकर कालू उसे टोकता रहता था।

### खून से लथपथ मिला था

बहन ने रिपोर्ट में बताया कि 12 जून को बेटी चंचल की बात को लेकर कालू और उसकी पत्नी अनिता के बीच झगड़ा हुआ था। उसके सिर पर कूकर से वार किया था। तब कालू ने अपने फ्लैट मालिक गोविन्द को कॉल कर हॉस्पिटल जाने के लिए बुलाया था। रात करीब 9 बजे कालू का भाई संजय भी पहुंचा था। उसे कालू खून से लथपथ मिला था। उसके सिर के पिछले हिस्से से खून बह रहा था और तौलिए से उसने अपना सिर दबा रखा था। फ्लैट पर उसकी पत्नी अनिता व बेटी चंचल और फ्लैट मालिक गोविन्द थे। कालू के भाई को अनिता ने झगड़ा होना बताया था। इसके बाद फ्लैट मालिक और भाई संजय ने कालू की पत्नी और बेटी को समझाया। इस बीच साला गजानंद भी फ्लैट पर आ गया था। समझाइश कर वह अपने-अपने घर लौट गए। करीब 11 बजे साले गजानद ने कॉल कर बताया कि जीजा कालू ने फंदा लगा लिया है। उन्होंने गेट अंदर से बंद होना बताया। कालू का भाई फ्लैट पहुंचा तो पत्नी-बेटी और साला मेन गेट के बाहर बैठे मिले। बहन का आरोप है कि संजय पहली मंजिल पर फ्लैट पर पहुंचा और गेट को धक्का दिया। तब गेट आसानी से खुल गया था। अंदर से गेट बंद नहीं होने पर झूठ बोलने के बारे में पूछने पर जबाव नहीं दिया। चादर के फंदे से लटके शव के पैर जमीन पर टिके थे। गले की जगह रस्सी मुंह पर बंधी हुई थी। फंदे से उतारकर कालू को तुरंत आरयूएचएस हॉस्पिटल ले गए, डॉक्टर्स ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

### सबूत मिटाने का आरोप

आरोप है कि कालू के गले पर रस्सी के फंदे को कोई निशान नहीं था। हत्या कर आत्महत्या का रुप देने के लिए ऐसा किया। कालू की हत्या कर शव को फंदे से लटकाया गया। कालू की हत्या में उसकी पत्नी-बेटी और साला शामिल है। हत्या के बाद कालू के मोबाइल में बनाए फोटो-वीडियो डिलिट कर दिए गए। कालू ने अपने सिर में लगी हुई खून की फोटो फेसबुक पर भी अपलोड की थी, उसे भी डिलिट कर दिया गया। कमरे में फर्श पर बिखरे खून को साफ कर दिया गया। खून से सने कपड़ों को जला दिए गए।

### बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 43 डिग्री के पार

**जयपुर**। राजस्थान में लगातार दूसरे दिन रिकॉर्ड तोड़ गर्मी रही। जैसलमेर और बाड़मेर में दिन का पारा 43 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया, जो पिछले 15 साल में सितंबर में सबसे ज्यादा है। बाड़मेर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 43.6 और जैसलमेर में 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जोधपुर, चूरू और बीकानेर में भी पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ। जोधपुर में गुरुवार को 10 साल की सर्वाधिक गर्मी रही। यहां तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले साल 2016 में अधिकतम तापमान 40.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था। इधर, बाड़मेर में पिछले 11 साल में कभी सितंबर में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस नहीं पहुंचा। गर्मी के साथ राजस्थान के पश्चिमी जिलों में दिन में गर्म हवा चली। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले दो-तीन दिन इसी तरह की गर्मी रहेगी।

# साउथ-कोरियन सिंगर से मिलने स्कूल से निकलीं 5वीं कक्षा की छात्रा, गांधी नगर रेलवे स्टेशन पर बैठी मिलीं

### सोशल मीडिया पर देखती थीं BTS के वीडियो

जूम न्यूज • जयपुर

जयपुर में 5वीं क्लास में पढ़ने वाली दो सहेलियां (9 साल) साउथ कोरियन सिंगर बैंग सी ह्यूक (हिटमैन बैंग) से मिलने के लिए स्कूल से निकल गईं। घर से निकल गईं। दोनों घर नहीं पहुंचीं तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को गांधीनगर रेलवे स्टेशन से सकुशल दस्तयाब कर लिया।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों बच्चियां यूट्यूब पर BTS के वीडियो देखती थीं। बच्चियों ने बताया- हम दोनों सहेली हैं। यूट्यूब पर BTS पॉप बैंड के वीडियो देखती थीं। इन्हीं वीडियो को देखकर साउथ कोरियन सिंगर और प्रोड्यूसर बैंग सी ह्यूक से मिलने के लिए घर से निकल गई थीं। दोनों बच्चियों को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया गया। समिति के निर्देश के बाद पुलिस ने दोनों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चियों के सकुशल मिलने पर परिजनों ने राहत की सांस ली।

डीसीपी जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया- 23 सितंबर को करीब 3 बजे सूचना मिली कि 5वीं क्लास की दो छात्राएं स्कूल से घर नहीं पहुंची हैं। थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। पुलिस ने परिजनों से दोनों बच्चियों की फोटो और पहचान संबंधी दस्तावेज लिए।

जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों बच्चियां सोशल मीडिया पर सक्रिय थीं। इसके बाद उनके सोशल मीडिया अकाउंट की जांच में यूट्यूब पर BTS के वीडियो देखने की जानकारी मिली।

### कौन है बीटीएस



साउथ कोरिया के के-पॉप म्यूजिक बैंड BTS के गानों के फैंस दुनिया भर में हैं। BTS का पूरा नाम बुलेट प्रूफ बॉय स्काउट्स है। BTS फैंस को आर्मी कहा जाता है। फिलीपींस, इंडोनेशिया, ब्राजील, वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया, अमेरिका जैसे देशों में जहां कोरियाई भाषा नहीं बोली जाती, वहां भी BTS के कोरियन गाने सुने जाते हैं। भारत में भी BTS ARMY काफी एक्टिव है। साउथ कोरिया में ब्लैकपिंक जैसे और भी के-पॉप म्यूजिक बैंड हैं जिनके लाखों फैंस हैं, लेकिन BTS ARMY सबसे खास है। दरअसल, BTS सिंगर्स अपने फैंस से पर्सनली मिलते हैं, उनकी परवाह करते हैं और उनसे काफी कनेक्टेड रहते हैं।

### फोटो सभी थानों और रेलवे-बस स्टैंड पर भेजी

पुलिस ने दोनों बच्चियों की फोटो सभी पुलिस थानों, जीआरपी थानों, बस स्टैंड और एयरपोर्ट पर भेजी। दोनों के गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर होने की जानकारी मिली। आरपीएफ ने दोनों बच्चियों को अपने पास सुरक्षित रखा था। इसके बाद पुलिस टीम ने 23 सितंबर की शाम साढ़े सात बजे गांधीनगर पहुंचकर दोनों को दस्तयाब किया। पुलिस और बाल कल्याण समिति के समक्ष काउंसलिंग के दौरान दोनों बच्चियों ने बताया- हम दोनों यूट्यूब पर BTS पॉप बैंड के वीडियो देखती थीं। परिवार के सदस्यों और मां के मोबाइल से बीटीएस के वीडियो देखती हैं। इन्हीं वीडियो को देखकर साउथ कोरियन सिंगर और प्रोड्यूसर बैंग सी ह्यूक से मिलने के लिए घर से निकल गई थीं।

### अभिभावकों से अपील

पुलिस का कहना है कि कम उम्र में बच्चे इंटरनेट और सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन उन्हें आभासी दुनिया के जोखिमों की पूरी समझ नहीं होती। ऐसे में अभिभावकों और शिक्षकों की जिम्मेदारी महत्वपूर्ण हो जाती है।

# जयपुर पहुंचीं एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी, बोलीं- राजस्थान से मेरा पुराना जुड़ाव

## राजस्थान फिल्म फेस्टिवल में मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

जूम न्यूज • जयपुर

बॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री ममता कुलकर्णी शुक्रवार सुबह फ्लाइट से जयपुर पहुंचीं। जयपुर एयरपोर्ट पर राजस्थान फिल्म फेस्टिवल की संस्थापक संजना शर्मा ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से ममता सीधे होटल के लिए रवाना हुईं। जयपुर पहुंचने के बाद उन्होंने राजस्थान से अपने पुराने जुड़ाव को याद करते हुए कहा कि यहां उनका फिल्मों के साथ काफी पुराना रिश्ता रहा है और उनकी चार फिल्मों की शूटिंग राजस्थान में हो चुकी है।

उन्होंने बताया कि कई साल बाद एक बार फिर जयपुर आना उनके लिए खास अनुभव है। ममता कुलकर्णी शुक्रवार शाम राजस्थान फिल्म फेस्टिवल की ओर से आयोजित इंटर स्कूल-कॉलेज प्रतियोगिता के विजेताओं



को पुरस्कार प्रदान करेंगी। इसके बाद वे इन्फ्लुएंसर अवॉर्ड समारोह में भी शामिल होंगी, जहां देशभर से आए इन्फ्लुएंसर्स को सम्मानित किया जाएगा। वहीं शनिवार को आयोजित होने वाले राजस्थान फिल्म फेस्टिवल के मुख्य समारोह में ममता कुलकर्णी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा।

### चार फिल्मों की राजस्थान में हुई शूटिंग

जयपुर पहुंचने के बाद ममता कुलकर्णी ने राजस्थान के साथ अपने पुराने फिल्मी जुड़ाव को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि राजस्थान उनके लिए केवल एक शूटिंग लोकेशन नहीं रहा, बल्कि उनकी फिल्मी यात्रा का भी अहम हिस्सा रहा है। उनकी चार फिल्मों की शूटिंग राजस्थान में हुई है। राजस्थान की हवेलियां, किले, रेगिस्तान और ऐतिहासिक लोकेशन लंबे समय से बॉलीवुड फिल्मों के लिए आकर्षण का केंद्र रहे हैं। ममता के करियर में भी राजस्थान की इन लोकेशंस की यादें जुड़ी हुई हैं। कई साल बाद जयपुर आने पर उन्होंने अपने इस पुराने कनेक्शन को याद किया।

### राष्ट्रभक्ति के गौरवशाली 150 वर्ष : वंदे मातरम् सार्ध शती महोत्सव आयोजित

# वंदे मातरम सिर्फ गीत नहीं, समाज में प्रेरणा जागृत करने वाला मंत्रः चारण



**जूम न्यूज़ • मालकोसनी**

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालकोसनी में राष्ट्रभक्ति के गौरवशाली 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'वंदे मातरम् सार्ध शती महोत्सव' के अंतर्गत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य श्री नारायण सिंह चारण ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति और समाज में प्रेरणा जागृत करने वाला ऐसा मंत्र है, जिसने देशवासियों को अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया है।"

उन्होंने वंदे मातरम् के पूर्ण भावार्थ से विद्यार्थियों को अवगत कराया तथा इसके रचयिता बंकिम चंद्र चटर्जी एवं उनकी प्रसिद्ध कृति आनंदमठ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में कभी हताश नहीं होना चाहिए तथा राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव से निरंतर कार्य करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के पर्यवेक्षक एवं समाजसेवी श्री जयनारायण चौहान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन का होना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् सामान्य गीत नहीं है, बल्कि यह भारत की 150 वर्षों की संघर्ष यात्रा तथा करोड़ों भारतीयों के बलिदान, त्याग और राष्ट्रभक्ति की पवित्र भावना को अपने भीतर समाहित किए हुए है।

इस अवसर पर विद्यालय के 250 से अधिक विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन एक लय, ताल और स्वर में किया। सामूहिक गायन के दौरान विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति की भावना से गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर वंदे मातरम को यादगार बनाया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान श्री आईदान राम चौधरी ने मुख्य वक्ता एवं पर्यवेक्षक का आभार प्रकट करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा देशहित में सकारात्मक योगदान देने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन किशोर कुमार सोलंकी ने किया।

**ब्रीफ न्यूज**

## हमारी मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और पोषण की मजबूत कड़ीः भुवनेश्वर सिंह चौहान



**जूम न्यूज़ • बाड़मेर**

विकसित भारत-जन सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित वंदे भारत पार्क में जिला स्तरीय आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों ने रंगोली, पौष्टिक पोषाहार, संतुलित भोजन एवं श्री अन्न से निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाकर आमजन को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी जानकारी दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी सरकार की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों एवं गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य, पोषण तथा जागरूकता के क्षेत्र में इनके कार्य का सीधा प्रभाव समाज पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र केवल पोषण उपलब्ध कराने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के प्रारंभिक विकास और मातृ-शिशु स्वास्थ्य जागरूकता के महत्वपूर्ण केन्द्र हैं। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार और पौष्टिक पोषाहार को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में परिवारों को पोषण, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न पौष्टिक व्यंजनों की जानकारी ली तथा भोजन का स्वाद भी चखा। उन्होंने उपस्थित लोगों को लड्डू खिलाकर पोषण एवं स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों ने अपने कार्य अनुभव साझा किए। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा सहयोगिनियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शुभकामना संदेश, प्रमाण-पत्र एवं तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अमराराम, पूर्व सभापति सुमित्रा जैन एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष विजयलक्ष्मी सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं एवं आशा सहयोगिनियां उपस्थित रहीं।

## गणपति बप्पा के जयघोष के साथ हुआ विसर्जन



**जूम न्यूज़ • बिलाड़ा**

कस्बे के निकटवर्ती खारिया मीठापुर गांव में स्थित ब्राह्मणों का बास में गणपति बप्पा मौरया, अगले बरश तू जल्दी आ के जयघोषों के साथ कस्बे के विभिन्न मौहल्लो में विराजित गणपति प्रतिमाओं को कुंड लेकर पहूँचे और गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। लोगों ने डीजे की



मधुर धुनों पर नाचते-गाते, ढोल-ढमकों के साथ गणपति महाराज को विदा किया अगले बरसे जल्दी आने साथ-साथ क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। जाटों के बास के अलावा कई लोगों ने अपने घरों में गणपति महाराज को विराजित कर दस दिन तक आवभगत की। खरादियों के बास में विराजित गणपति प्रतिमाओं को ढोल-ढमकों के साथ दर्जनों नर-नारियों ने गणपति महाराज की महाआरती के साथ शोभायात्रा निकली।

# विकसित भारत जनसेवा अभियानः 'आंगन मिलन सेवा' कार्यक्रम शुरू

### जिला कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा सहायोगिनी को किया सम्मानित, 676 केंद्रों पर तीन दिन आयोजन

**जूम न्यूज़ • फलौदी**





विकसित भारत जनसेवा अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 25 से 27 सितंबर तक 'आँगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर आंगनबाडी केन्द्र संख्या 03 पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कार्यक्रम का उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी आदि को सम्मानित करना एवं उनका उत्साहवर्धन करना है। उक्त कार्यक्रम में आंगनबाडी केन्द्र की 6 सेवाओं की जानकारी देना, जनसमुदाय के साथ सामुदायिक गतिविधियों जैसें गोदभराई, अन्नप्राशन, जनस्वास्थ्य संदेश कार्यक्रम, सुपोषण की जानकारी विभिन्न माध्यम से देकर आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका और आशा सहयोगिनी के योगदान के बारे में जानकारी दी। साथ ही गोद भराई एवं अन्नप्राशन की रस्म संपन्न कराई गई एवं रंगोली व पोषण प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

इसी दौरान महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गरिमा जोशी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका, आशा सहयोगिनी को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश को जनसमुदाय के समक्ष पढ़ा। महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार गोयल ने बताया कि 25 से 27 सितंबर तक जिले के सभी 676 आंगनवाड़ी केंद्रों पर 'आँगन मिलन सेवा' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले भर में आंगनबाडी केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रमों में उपखण्ड अधिकारी, विकास अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, जनप्रतिनिधि, राजीविका की पोषण सखी और जनसमुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान एसीईओ गौतम चौधरी, बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रीति शर्मा, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित लाम्बा आदि सहित उपस्थित रहे।

# गणपति बप्पा के जयघोष के साथ हुआ विसर्जन



**जूम न्यूज़ • बिलाड़ा**

गणपति बप्पा मौरया, अगले बरश तू जल्दी आ के जयघोषों के साथ कस्बे के विभिन्न मौहल्लो में विराजित गणपति प्रतिमाओं को बाण गंगा कुंड लेकर पहूँचे और गणपति प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। लोगों ने डीजे की मधुर धुनों पर नाचते-गाते, ढोल-ढमकों के साथ गणपति महाराज को विदा किया अगले बरसे जल्दी आने साथ-साथ क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

जाटों के बास के अलावा कई लोगों ने अपने घरों में गणपति महाराज को विराजित कर दस दिन तक आवभगत की। खरादियों के बास में विराजित गणपति प्रतिमाओं को ढोल-ढमकों के साथ दर्जनों नर-नारियों ने गणपति महाराज की महाआरती के साथ शोभायात्रा निकली। इस बार बारिश कम होने के कारण जाटों के बास में एक बड़ा कड़ाव पानी से भरा तथा पुजारी राधेश्याम वैष्णव एवं सभी श्रद्धालु ने पूजा अर्चना कर विधि विधान पूर्वक गणपति जी का विसर्जन किया। बच्चों, महिलाओं व युवाओं ने गणपति महाराज का अगले बरस जल्दी आ के जयघोष से विसर्जन किया। पिछले दिनों तक लगातार यहां प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के आयोजन होते रहे, श्रद्धालुओं ने अपने परिवार संग आरती, महाआरती की, प्रतिदिन गणपति प्रतिमा के समक्ष राम स्तुति पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में युवाओं, मातृशक्ति एवं बाल-गोपालों ने सहयोग दिया।

# गणपति बप्पा के जयकारों के साथ दस दिवसीय महोत्सव का समापन, शोभायात्रा में उमड़े भक्त

- धूमधाम से किया गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

**जूम न्यूज़ • पीपाड़ सिटी**



पीपाड सिटी शहर में दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शुक्रवार को धूमधाम के साथ समापन हुआ प्राचीन सापासर तालाब पर पंडित ओम पुजारी के अलावा पंडित चेतन प्रकाश दाधीच द्वारा गणेश प्रतिमाओं का विशेष पूजन व आरती करवाई गई उसके पश्चात प्रतिमाओं का नाव के जरिए विसर्जन किया गया गणेश महोत्सव सेवा समिति के धनेन्द्र चौधरी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया वहीं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी मोहम्मद शुहेल शेख के सानिध्य में पालिका की ओर से सभी व्यवस्थाओं को शानदार तरीके से अंजाम दिया गया वह शांतिपूर्वक आयोजन के लिए सभी शहर वासियों का आभार भी व्यक्त किया गया है।पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेश कच्छवाह के नेतृत्व में नाव पर रखकर गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

उपखंड अधिकारी नेमाराम रॉयल,तहसीलदार ,एडिशनल एसपी रामेश्वर मेघवाल, उप अधीक्षक मनीष देव,थानाधिकारी सीताराम खोजा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कानून व्यवस्था के लिए थानाधिकारी सीताराम खोजा के नेतृत्व में भारी संख्या में अतिरिक्त पुलिस जाप्ता तैनात रहा। ड्रोन के जरिये हर गतिविधि पर पुलिस द्वारा नजर रखी जा रही थी।विसर्जन के दौरान उपखंड अधिकारी नेमाराम रॉयल,नगर पालिका अध्यक्ष आशा देवी के अलावा शहर के जनप्रतिनिधियो के साथ गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

सापासर तालाब पर विसर्जन व बाजार में शोभायात्रा के दौरान चारो तरफ शहर वासियों की भीड़ ही भीड़ नजर आई तथा शोभायात्रा को देखने के लिए बाजार व घरों की छतों पर शहरवासियो व महिलाओं की भीड़ उमड़ी व जगह जगह विभिन्न संघठनो के द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत भी किया गया। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र रिया, बुचकल्ला, साथिन,खांगटा, चिरढानी, बोयल, सिलारी, जाटीयावास, पालड़ी सिद्धा, नानंन, सालवा खुर्द, कोसाना सहित अन्य गांवो में भी युवा ग्रामीणों द्वारा गणेश प्रतिमाओं का धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। गणेश विसर्जन के चलते पूरा शहर गणेश की भक्ति में डूबा नजर आया बाजार सहित प्रमुख स्थानों पर विसर्जन के दौरान प्रतिष्ठान बंद रहे।

### नशे के खिलाफ जनजागरूकता का संदेश लेकर दौड़ेंगे युवा, बडेर चौक से शुरू होगी BAD RUN

# 'बिलाड़ा अगेंस्ट ड्रग्स' मैराथन आज, एसपी पंकज यादव दिखाएंगे हरी झंडी

**जूम न्यूज़ • बिलाड़ा**




नशामुक्त अभियान के तहत बिलाड़ा में पहली बार आयोजित होने जा रही BAD RUN – Bilara Against Drugs मैराथन का आयोजन आज किया जाएगा। नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने और युवाओं को स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन को लेकर युवाओं और शहरवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है।

सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश कटारिया ने बताया कि मैराथन में जोधपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पंकज यादव आईपीएस मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी एवं उपजिला मजिस्ट्रेट मदाराम पटेल, पुलिस उपाधीक्षक बिलाड़ा मनीष देव विश्वकर्मा, तहसीलदार मुनेश कुमार, विकास अधिकारी विक्रमसिंह राजपुरोहित तथा थानाधिकारी सवाई सिंह सोढा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रकाश चंद सोलंकी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा ताराचंद रामावत, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय चांदोरा सहित प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### बडेर चौक से शुरुआत

BAD RUN सुबह 8:30 बजे बडेर चौक से शुरू होगी। मैराथन का निर्धारित मार्ग सदर बाजार, मोती चौक, इंद्रा कॉलोनी, बस स्टैंड, नई सड़क और सोजती गेट होते हुए सभा भवन तक रहेगा। समापन स्थल पर प्रतिभागियों एवं अतिथियों की उपस्थिति में नशामुक्ति को लेकर जनजागरूकता का संदेश दिया जाएगा।

### युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश

आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति के प्रति जागरूकता पैदा करना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। आयोजकों का कहना है कि दौड़ केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि नशे के खिलाफ सामूहिक संकल्प और स्वस्थ समाज की दिशा में जनभागीदारी का संदेश है। मैराथन के माध्यम से युवाओं को खेल, स्वास्थ्य और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जाएगा। आयोजकों ने शहर के युवाओं, सामाजिक संगठनों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों से अधिकाधिक संख्या में शामिल होकर नशामुक्ति अभियान को मजबूती देने की अपील की है।

### पोस्टर का युवाओं ने किया विमोचन

BAD RUN को लेकर तैयार किए गए 'Bilara Against Drugs' के पोस्टर का युवाओं द्वारा विमोचन किया गया। इस दौरान युवाओं ने नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लेते हुए शहरवासियों से मैराथन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की। सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश कटारिया ने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण केवल किसी एक व्यक्ति या संस्था की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें पूरे समाज की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने बिलाड़ा के नागरिकों से अपील की कि वे BAD RUN में शामिल होकर नशे के खिलाफ एकजुटता का संदेश दें और स्वस्थ समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं।

# चाकसू में रोडवेज बसों के बाइपास से निकलने पर हंगामा, ज्ञापन सौंपा

## सात दिन का अल्टीमेटम, अंबेडकर सर्किल पर अनिश्चितकालीन भूख-हड़ताल पर बैठने की दी चेतावनी




**जूम न्यूज़ • चाकसू**

चाकसू कस्बे में राजस्थान रोडवेज बसों का ठहराव चाकसू बस स्टैंड पर नहीं होने से आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस जनसमस्या को लेकर पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी एवं नगर पालिका पार्षद विनोद कुमार राजोरिया ने मोर्चा खोल दिया है। विनोद राजोरिया ने उपखंड अधिकारी चाकसू को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर 7 दिन के भीतर सभी रोडवेज बसों का ठहराव चाकसू बस स्टैंड पर सुनिश्चित करने की मांग की है।

ज्ञापन में बताया गया कि चाकसू बाईपास बनने से पहले सभी रोडवेज बसें चाकसू के अंदर से होकर निरंतर आती-जाती रही हैं। बाईपास बनने के बाद से ही चाकसू के अंदर गाड़ियों का आना-जाना बंद हो रखा है, जिससे चाकसू व आस-पास की जनता को बहुत बड़ी समस्या से गुजरना पड़ रहा है। वर्तमान में जयपुर की ओर जाने वाली तथा निवाई, टोंक, देवली, बूंदी, कोटा, झालावाड़ की ओर जाने वाली बसें सीधी निमोडिया सर्किल, गरुड़वासी सर्किल व रामपुरा बाईपास कट से होकर निकल जाती हैं।

### विधायक की पैरवी के बाद भी नहीं हुई सुनवाई

ज्ञापन में विनोद राजोरिया ने बताया कि इस संबंध में विधायक रामअवतार बैरवा द्वारा परिवहन प्रबंधक व परिवहन मंत्री को कई बार अवगत करवाया जा चुका है, उसके बाद भी किसी भी प्रकार की आज तक कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिससे चाकसू कस्बे व आस-पास के हजारों छात्र-छात्राएं, बुजुर्ग, महिलाएं और बीमार लोग परेशान हो रहे हैं। विशेषकर रात के समय बाईपास पर उतरने से जान-माल का खतरा बना रहता है। कई बार चाकसू अंदर उतारने की मांग पर ड्राइवर-कंडक्टर द्वारा अभद्र व्यवहार और मारपीट के मामले भी सामने आए हैं। विनोद कुमार राजोरिया पुत्र श्री फूलचंद राजोरिया ने नोट में स्पष्ट किया है कि "अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि चाकसू की सबसे बड़ी समस्या का समाधान 7 दिवस के अंदर-अंदर शीघ्र रोडवेज बसों का चाकसू के अंदर से आना-जाना व ठहराव सुनिश्चित करवाने की कृपा करें। अन्यथा मैं चाकसू की जनता के हितों के लिए अनिश्चित भूख-हड़ताल (अनशन) पर अंबेडकर सर्किल कोटखावदा मोड़ पर धरने पर बैठूंगा, जिसकी समस्त संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।" ज्ञापन की प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु जिला कलेक्टर जयपुर, डीसीपी साउथ कमिश्नर, परिवहन मंत्री राजस्थान सरकार, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री और राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम मुख्यालय जयपुर को भी प्रेषित की गई है।

**ब्रीफ न्यूज**

### पंचायती राज एवं माशि संघ जिला शाखा ब्यावर का शैक्षिक सम्मेलन कल

**जूम न्यूज़ • जैतारण**

राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा ब्यावर का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन दिनांक 27.09.2026 रविवार को जैतारण आयोजित होगा।। प्रदेश संघर्ष समिति संयोजक जवरीलाल प्रजापत ने बताया कि नगरीय निकाय चुनाव की आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए संगठन ने सम्मेलन का आयोजन 27 सितम्बर 2026 रविवार को द विंग्स ग्लोबल स्कूल , राम बेरा के सामने आगेवा रोड़ , फौजी चौराहा जैतारण में आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन में शिक्षा , शिक्षार्थी एवं शिक्षकों की समस्याओं एवं शिक्षा में नवाचार पर चर्चा की जायेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अविनाश गहलोत कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार, विशिष्ट अतिथि आशीष जी सांड भाजपा जिलाध्यक्ष ब्यावर, अतिथि भेणाराम गेहलोत चेयरमैन नगरपालिका जैतारण, मेघाराम निवर्तमान प्रधान, पप्पूराम जी कुमावत निवर्तमान उप प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं भामाशाह तुलसाराम सीरवी, दिलीप गहलोत , अनराज सतनामी, महीप पारीक, तरुण गर्ग, हरिसिंह कविया, नारायण सिंह किशन जंगिड़ सम्मेलन में पधारेगे।। साथ ही ब्यावर जिले से सैकड़ो शिक्षक कार्यक्रम में भाग लेगे। सम्मेलन की तैयारियों में पंचायतीराज संगठन के जिलाध्यक्ष दुर्गाराम चौधरी, प्रदेश संगठन मंत्री लिखमाराम सीरवी, ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन कुमावत, ब्लॉक उपाध्यक्ष मंगलाराम माली, प्रदेश उपाध्यक्ष हुकमी चंद मिश्रा, जिला सभाध्यक्ष बदाराम अणकिया, अजमेर संभाग प्रभारी प्रकाश बडियासर , महासंघ अध्यक्ष जगदीश दगदी , प्रदेश महिला सह संयोजिका लीला सुनारीवाल सहित सभी कार्यकर्ता जोश के साथ जुटे हुए हैं।

### समदड़ी यार्ड में निर्माण कार्य, छह रेलसेवाएं प्रभावित

**जूम न्यूज़ • बीकानेर**

समदड़ी-लूनी रेलखंड के समदड़ी यार्ड में फुट ओवर ब्रिज तथा दुदिया और दुदाड़ा स्टेशनों पर सबवे निर्माण के लिए ब्लॉक लिया जाएगा। इसके चलते अक्टूबर में कई रेलसेवाएं आंशिक रद्द, मार्ग परिवर्तित और रीशड्यूल रहेंगी। **आंशिक रद्द:** गाड़ी संख्या 14896 बाड़मेर-भगत की कोठी 4, 11, 16 और 23 अक्टूबर को समदड़ी तक ही चलेगी। वहीं 14893 भगत की कोठी-पालनपुर इन्हीं तारीखों को समदड़ी से रवाना होगी। **मार्ग परिवर्तन:** गाड़ी संख्या 20485 जैसलमेर-साबरमती और 20486 साबरमती-जैसलमेर 4, 6, 11, 16 और 23 अक्टूबर को परिवर्तित मार्ग लूनी-मारवाड़-महेसाना से संचालित होंगी। इनका ठहराव पाली मारवाड़, मारवाड़ जंक्शन, फालना, आबूरोड और पालनपुर आदि स्टेशनों पर रहेगा। **रीशड्यूल:** गाड़ी संख्या 74839 भगत की कोठी-बाड़मेर 4 और 16 अक्टूबर को 3 घंटे तथा 14887 ऋषिकेश-बाड़मेर 3 और 15 अक्टूबर को 2 घंटे 30 मिनट देरी से रवाना होगी।

# 26 सितंबर से शुरू होगी डूडी स्मृति जाट समाज क्रिकेट प्रतियोगिता



**जूम न्यूज़ • बीकानेर।** जाट समाज युवा खेलकूद समिति के तत्वावधान में स्वर्गीय रामेश्वर लाल डूडी स्मृति जाट समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के आठवें संस्करण का आयोजन 26 सितंबर से 3 अक्टूबर तक शार्दूल क्लब क्रिकेट मैदान में होगा। प्रतियोगिता में 15 पुरुष और 4 महिला टीमों सहित कुल 19 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता की ट्रॉफी एवं आधिकारिक टी-शर्ट का विमोचन 24 सितंबर को जाट धर्मशाला में नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने किया। आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता युवाओं को खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ भाईचारे और खेल भावना का मंच प्रदान कर रही है। समिति ने खेलप्रेमियों से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की।

## आंगन मिलन सेवा: गर्भवती एवं धात्री माताओं का सम्मान, पोषण-शिशु देखभाल के प्रति किया जागरूक

**जूम न्यूज़ • चूरू**

विकसित भारत—जन सेवा अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार करणी माता मंदिर परिसर स्थित शेखावत कॉलोनी में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 12 मिनी एवं 12 द्वितीय का संयुक्त आंगन मिलन सेवा समारोह आयोजित किया गया।




कार्यक्रम में गर्भवती एवं धात्री माताओं का सम्मान कर उन्हें मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार, पोषण और नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य अतिथि भंवरलाल प्रजापत एवं जयसिंह शेखावत ने महिलाओं से स्वास्थ्य और पोषण को लेकर जागरूक रहने का आह्वान किया। इस दौरान गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को गमले और पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता मीणा ने गर्भवती महिलाओं को प्रसव के दौरान मिलने वाली सहायता राशि तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और इंदिरा गांधी मातृत्व पोषण योजना के लाभों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्र 12 मिनी की कार्यकर्ता सुनीता मीणा, सहायिका सोनिया, केंद्र 12 द्वितीय की सहायिका नीतू कंवर सहित लाभार्थी महिलाएं मौजूद रहीं। समारोह के माध्यम से महिलाओं को पौष्टिक आहार, मातृ स्वास्थ्य और शिशु देखभाल के प्रति जागरूक किया गया।

## बिना रवन्ने 40 टन बजरी ले जा रहा ट्रेलर पकड़ा

### मंड्रेला पुलिस ने ड्राइवर को किया अरेस्ट; गाड़ी जब्त, मामला दर्ज

**जूम न्यूज़ • झुंझुनूं**

झुंझुनूं की मंड्रेला थाना पुलिस ने बजरी को अवैध तरीके से ट्रांसपोर्ट करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने एक ट्रेलर टिपर को जब्त कर 40 टन बजरी पकड़ी है। ट्रेलर के ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। ड्राइवर के पास से बजरी ले जाने के लिए राज्य सरकार की ओर से जारी रवन्ना और अनुज्ञापत्र नहीं मिला। ड्राइवर यह बजरी टिब्बा बसई नदी क्षेत्र से भरकर लाया था।

जानकारी के मुताबिक- थानाधिकारी कैलाशचंद के नेतृत्व में टीम गश्त कर रही थी। शुक्रवार को गश्त के दौरान पुलिस टीम गोवली से खुडानिया रोड पर पहुंची। इसी दौरान वहां से गुजरे ट्रेलर-टिपर को रुकवाकर जांच की। ट्रेलर में करीब 40 टन बजरी मिली। पुलिस ने ड्राइवर से बजरी के परिवहन और उसे लाने-ले जाने के लिए आवश्यक रवन्ना व अनुज्ञापत्र मांगा, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। ड्राइवर विक्रम गुर्जर पुत्र बन्नाराम चिराणी गांव का रहने वाला है। बिना रवन्ने और लाइसेंस के बजरी का परिवहन किया जाना पाए जाने पर ट्रेलर-टिपर को जब्त कर लिया गया। आरोपी विक्रम गुर्जर को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। कार्रवाई करने वाली टीम में मंड्रेला थानाधिकारी कैलाशचंद उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह, कांस्टेबल नरेन्द्र कुमार और चालक कांस्टेबल रामनिवास शामिल रहे।

### प्रतियोगिता में कुमावास तीसरे स्थान पर रही

**झुंझुनूं**।जिले के कुमावास के राउमा विद्यालय की 17 वर्ष छात्र फुटबॉल टीम ने 70वीं जिलास्तरीय प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया है। टीम के लौटने पर विद्यालय में खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य अनिता चौहान ने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यालय के एक खिलाड़ी का स्टेट टीम के लिए चयन हुआ है।

### खेतड़ी कस्बे में प्रतिभा सम्मान समारोह कल


**झुंझुनूं**। जिले के खेतड़ी कस्बे में 27 सितंबर को सम्मान समारोह आयोजित होगा। कस्बे के किला रोड स्थित सामुदायिक भवन में होने वाले कार्यक्रम में शेखावाटी की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। गीता देवी वर्मा स्मृति संस्थान के सम्मान समारोह को लेकर संयोजक भारती भाई ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग होंगे व पूर्व पालिका अध्यक्ष उमराव सिंह चेजारा अध्यक्षता करेंगे। खेतड़ी शताब्दी पुरुष कैप्टन गजसिंह अलसीसर विशेष रूप से शामिल होंगे।

# लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव का इंस्टॉलेशन कार्यक्रम संपन्न

**जूम न्यूज़ • जोधपुर**

लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव द्वारा होटल श्री राम एक्सीलेंस में भव्य इंस्टॉलेशन लायंस क्लब के पूर्व प्रांतपाल लायन सुरेश गोयल द्वारा रंग बिरंगे गुलाबो से उनके पदों के कर्तव्य द्वारा एक अनोखे अंदाज से दिलवाई गई जिससे पूरा सदन हर्षोल्लास के वातावरण में उत्साहित हुआ।

नए क्लब अध्यक्ष एडवोकेट संजीव व्यास और सचिव रॉकस्टार लायन अमित पेड़ीवाल ने बताया इस अवसर में 14 नए एनर्जेटिक महिला सदस्य जोड़े गए जो सभी ने सेवा में अपना संपूर्ण योगदान जी बात की क्लब में अतिथि पूर्व प्रांतपाल डॉक्टर डी एस चौधरी जी ने लायंस क्लब में फेलोशिप मैत्री भाव किस तरह आपस में बढ़ता है जिससे मिलकर प्रेम भाईचारे से कई लोग मिलके समाज ने भी एक अच्छे नागरिक होने का संदेश देते हैं और सेवा भी जरूरत मंडी किनएक साथ करते हैं क्लब में विशिष्ट अतिथि भामाशाह विनोद ग्रुप के चेयरमैन उम्मेद क्लब के



सचिव सिंघवी भाईपा के अध्यक्ष विनोद सिंघवी थे जिन्होंने क्लब के मध्यम से फरवरी में होने वाली 11 बालिकाओं की शादी में खुद जाकर सदस्यों के साथ 11 ,11 हजार की विवाह में सामान हेतु सहयोग दिया जिसको सभी ने सराहा और विनोद सिंघवी जी की प्रशंसा गवर्नर द्वारा की गई क्लब की ऐडमिनिस्ट्रेशन और माइक्रो चेयरमैन एम जे एफ लायन उषा गर्ग ने वरिष्ठ लायन आर के ओझा साहब भी अतिथि थे स्वागत किया रीजन चेयरमैन जे पी गर्ग जोन चेयरमैन लायन रामेश्वर परिहार साहब सभी का स्वागत किया शॉल साफे माला मोमेंटो से सभी अतिथियों का स्वागत हुआ रॉकस्टार अमित पेड़ीवाल ने जब,गणपति जी का गीत गाया ज्वाला सी जलती है जय गणेशा देवा तो जैसे गणपति जी का माहौल बना सभी आगंतुक मंत्रमुग्ध होकर खड़े हो गए कार्यक्रम में 51 से ज्यादा अलग अलग क्षेत्रों में काम करने वालों का मारवाड़ रत्न से सम्मानित किया गया

सुमेरपुर से पंकज मेवाड़ा निफ़् के चेयरमैन नवीन मोहनोत का अन्नू सेठी अशोक सेठी मरुधरा क्लब के अध्यक्ष सज्जन लाल माथुर साहब बेस्ट क्लब के सेवाभावी अध्यक्ष राजेंद्र कुमार कुम्भट सचिव पुखराज फोफलिया नीतू विधानी लायन उमा गर्ग एडवोकेट एम एस राजपुरोहित रिंकू सहगल अरुण बोराणा प्रवीण लता सुमरा शशि मेहता सुधा मेहता लायन श्रवण कुमार सांखला लायन हेमंत वर्मा लायन हरीश अग्रवाल लायन वीरू राम सेंट्रल क्लब से विजयलक्ष्मी नाथ माला राठौड़ के अलावा भी कई क्लब सदस्यों ने सेवा की शपथ ली उषा गर्ग को पूर्व प्रांतपाल डॉक्टर डी एस चौधरी द्वारा लीडरशिप की पिन से सम्मानित किया पूर्व प्रांतपाल सुरेश गोयल जी ने सभी को लायंस पिन देकर सम्मानित किया साथ लेने वाले पदाधिकारी और सदस्य

लायंस क्लब जोधपुर एक्टिव टीम 2026_27अध्यक्ष एडवोकेट लायन संजीव व्यास,उपाध्यक्ष गीता माकछर,सचिव रॉकस्टार अमित पेड़ीवाल,सह सचिव एडवोकेट नीलम गोयल,कोषाध्यक्ष गीता खेतानी सहकोषाध्य सरिता शर्मा, टेल टेमर रक्षिता बाफना, टेल ट्विस्टर प्रियंका शर्मा, डायरेक्टर रजनी सिंह, संध्या जिंदल,वंदना कँवर, डॉली सिंह, मोनिका सोलंकी, मेंबरशिप डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन_ एम जे एफ लायन उषा गर्ग, एडवोकेट रेखा चौधरी, प्रतिभा जैन, पूर्णिमा सिंघवी, भूमि कृपलानी मोना हरवानी, निशा टिकवानी आदि मौजूद रहीं।

### अग्नि-संस्कार में सुरक्षित रहे देवलोकगमन के वस्त्र

**जैसलमेर**। कुशल कल्पतरु वर्षावास की व्याख्यान माला के तहत खरतरगच्छाचार्य जिन मनोज्ञ सूरीश्वर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि माड क्षेत्र में खरतरगच्छ के चारों दादा गुरु देवों का विचरण रहा है।

उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी जिनशासन की प्रभावना की ध्वजा फहराई। प्रथम दादा जिनदत्त सूरि महाराज का जब लौद्रवपुर में चातुर्मास था, तब भक्तों के आग्रह पर उन्होंने कहा था कि उनका पट्टधर अभी गर्भ में है। संवत 1197 में जैसलमेर के विक्रमपुर में जन्मे सूर्यकुमार मात्र 6 वर्ष की उम्र में दीक्षित हुए। 8 वर्ष की अल्पायु में उनकी योग्यता से प्रभावित होकर उन्हें जिनचंद्र सूरि के नाम से आचार्य पद दिया गया। गुरुदेव जिनदत्त सूरि का देवलोकगमन संवत 1211 में अजयमेरु में हुआ। उस समय उनके धारण किए वस्त्र अग्नि-संस्कार में भी सुरक्षित रहे। वे पाटन होते हुए संवत 1945 में बड़े उपाश्रय, जैसलमेर में स्थापित हुए।

# महज 2 मिनट में भारत को 2 मेडल, निशानेबाजी में जीता पहला स्वर्ण

## सुरुचि-कमलजीत ने शूटिंग में जीता गोल्ड, राइफल थ्रीपी टीम को रजत

एजेंसी ▸▸| नागोया

एशियन गेम्स में शुक्रवार को भारत ने महज 2 मिनट के अंदर 2 मेडल अपने नाम किए। भारतीय निशानेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले गोल्ड और उसके तुरंत बाद सिल्वर मेडल जीता। सुबह करीब 9 बजे सुरुचि और कमलजीत की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड दिलाया। इसके ठीक दो मिनट बाद यानी 9:02 बजे भारत ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन इवेंट में सिल्वर मेडल हासिल किया। ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और नीरज कुमार की भारतीय तिकड़ी ने 1762 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। ऐश्वर्य और नीरज इसके बाद व्यक्तिगत फाइनल में इस लय को बरकरार नहीं रख सके, जिससे भारत के खाते में दिन में एक स्वर्ण और एक रजत आया। इसने उस टीम को राहत और निराशा दोनों दी, जो यहां पहुंचने के बाद से एक के बाद एक निराशाओं से जूझ रही थी। बीस वर्षीय सुरुचि के लिए शीर्ष स्थान हासिल करना कुछ हद तक उस निराशा का प्रायश्चित था, जो महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल प्रतियोगिता में मिली थी, जहां उन्होंने मनु भाकर और ईशा सिंह के साथ भारतीय टीम को खाली हाथ लौटते देखा था। वह व्यक्तिगत पदक से चूक गई थीं।



### टेबल टेनिस : मिश्रित युगल में दीया-मानुष को कांस्य

मानुष शाह और दीया चिताले ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता के मिश्रित युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में चीन के वांग चुकिन और सुन यिंगशा से मिली हार के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय जोड़ी को 8-11, 5-11, 8 -11, 2-11 से पराजय मिली। सेमीफाइनल हारने के बावजूद उन्होंने इन खेलों में भारत को टेबल टेनिस में पहला पदक दिलाया। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग की विश्व की चौथे नंबर की जोड़ी डू होई केम और वोंग चुन टिंग को हराकर पदक पक्का किया था।



मानुष शाह ने ईरान के बेन्यामिन फराजी को 4-0 से हराकर पुरुष एकल में भी अगले दौर में प्रवेश किया, जबकि यशस्विनी घोरपड़े ने सीरिया की हेंड ज़ाज़ा को 4-1 (11-5 11-5 11-8 8-11 11-4) से हराकर महिला एकल के राउंड ऑफ़ 16 में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत के अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन हालांकि निराशाजनक रहा।

### शॉटपुट : मनप्रीत को कांस्य




मनप्रीत कौर ने महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में 17.17 मीटर के प्रयास के साथ कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक चीन की सोंग जियायुआन (19.40 मीटर) और रजत झांग लिनरू (18.14मीटर) ने जीता। 36 वर्ष की मनप्रीत का पिछला सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2023 एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 18.06 मीटर है, जो उन्होंने 2022 में किया था। वह हांगझोउ में 2023 एशियाई खेलों में पांचवें स्थान पर रही थी और ग्लास्गो में पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेलों में 17.49 मीटर के प्रयास के साथ चौथे स्थान पर थी। उन्होंने इस साल राष्ट्रीय अंतर प्रांत चैंपियनशिप जीतकर एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाई किया था।

### महिला हॉकी : भारत की लगातार चौथी जीत, जापान को हराया

काकामिगाहारा। भारतीय महिला हॉकी टीम ने विजय अभियान जारी रखते हुए शुक्रवार को मेजबान जापान को 3-1 से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की और इस तरह से सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। भारत की तरफ से लालरेम्सियामी (5वें मिनट), इशिका चौधरी (30वें मिनट) और नवनीत कौर (36वें मिनट) ने गोल किए। जापान की तरफ से एकमात्र गोल शिहो कोबायाकावा ने 46वें मिनट में किया। भारत रविवार को सिंगापुर के खिलाफ पूल बी में अपना आखिरी मैच खेलेगा। भारतीय टीम ने अभी तक शानदार प्रदर्शन किया है। उसने उज्बेकिस्तान पर 19-0 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

### दौड़ : गुलवीर ने 10 हजार मीटर में जीता रजत पदक

भारत के लंबी दूसरी के धावक गुलवीर सिंह ने एशियाई खेलों के अपने कांस्य को रजत में बदला और पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में 28 मिनट 29.38 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहे। हांगझोउ में पिछले एशियाई खेलों में कांस्य जीतने वाले गुलवीर बहरीन के बिरहानु बालेयू से पीछे रहे, जिन्होंने 28 मिनट 27.51 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। बहरीन के अलबर्ट किप्टो को कांस्य पदक मिला, जिन्होंने 28 मिनट 34.18 सेकंड का समय निकाला। गुलवीर ने ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में भी रजत पदक जीता था।




### कबड्डी : फाइनल में पुरुष और महिला टीम



भारत की पुरुष और महिला कबड्डी टीम ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को फाइनल में जगह बनाकर अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। मौजूदा चैंपियन भारतीय महिला टीम ने नेपाल पर 48-24 से जीत हासिल की। जिस तरह से वह अब चौथी बार स्वर्ण पदक हासिल करने से केवल एक जीत दूर है। भारत की पुरुष टीम भी मौजूदा चैंपियन है। उसने सेमीफाइनल में थाईलैंड के खिलाफ 66-28 से जीत दर्ज करके नौवां स्वर्ण पदक जीतने की अपनी उम्मीदों को पंख लगाए। महिलाओं के मुकाबले में भारत ने पहले हाफ में 31-17 की बड़ी बढ़त बना ली, जिसमें चार ऑल-आउट और चार बोनस अंक शामिल थे। नेपाल भारत को पर्याप्त चुनौती नहीं दे सका और दूसरे हाफ में केवल सात अंक ही जुटा सका। पुरुषों के मैच में भी कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिला। भारतीय टीम ने पहले हाफ में 37-18 की बढ़त बना ली और अगले हाफ में भी अपनी श्रेष्ठता बरकरार रखी।

## खबर संक्षेप



### शीर्ष स्तर पर वापसी के लिए प्रतिबद्ध : प्रसिद्ध

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा का कहना है कि चोट के कारण खेल से दूर रहने के बाद वह अधिक बेहतर खिलाड़ी के रूप में शीर्ष स्तर पर वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध थे और उनकी निगाहें अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला पर टिकी हैं। भारत अगले साल के शुरू में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी में करेगा। प्रसिद्ध ने कहा, ' मैं हमेशा खुद से कहता हूं कि अगर चोट लगने के समय मैं जिस निश्चित स्तर पर था, वापसी के समय मुझे उससे दस गुना बेहतर होना होगा। यह मानसिकता वास्तव में काफी महत्व रखती है।'30 वर्षीय तेज गेंदबाज ने कहा, 'मैंने दो बार पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला खेली है। एक बार ऑस्ट्रेलिया में और एक बार इंग्लैंड में। इससे मुझे काफी कुछ सीखने को मिला है।

### दिल्ली सीनियर टीम के हेड कोच बने दहिया




नई दिल्ली। भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज विजय दहिया को 2026/27 घरेलू सीजन के लिए एक बार फिर दिल्ली की सीनियर पुरुष क्रिकेट टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। द्रोणाचार्य अवॉर्ड विजेता राजकुमार शर्मा को 'स्टेट मेंटर' नियुक्त किया गया है। वहीं, सुनीता शर्मा को महिला टीमों के लिए इसी जिम्मेदारी की भूमिका सौंपी गई है। आईपीएल 2022 की विजेता टीम गुजरात टाइटंस के साथ सहायक कोच रहे दहिया ने दिल्ली को 2007/08 में रणजी ट्रॉफी जिताई थी और 2012/13, 2014/15 और 2015/16 सीजन में भी इसी भूमिका में काम किया था।

# भारत-ए की ऑस्ट्रेलिया ए पर बड़ी जीत, 162 रन से हराया

## कुमार कुशाग्र को 'प्लेयर ऑफ द मैच', शम्स मुलानी ने लिए 7 विकेट

एजेंसी ▸▸| पुडुचेरी

बाएं हाथ के स्पिनर शम्स मुलानी ने दूसरी पारी में 3 विकेट सहित मैच में 124 रन देकर 7 विकेट लिए, जिससे भारत ए ने केएपी-सीचेम स्टेडियम में खेले गए पहले चार दिवसीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 162 रन से करारी शिकस्त दी। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने अपनी दूसरी पारी सुबह दो विकेट पर 55 रन से आगे बढ़ाई और उसकी पूरी टीम 200 रन पर आउट हो गई। मुलानी ने शीर्ष स्कोरर फर्गस ओनील (47) सहित तीन बल्लेबाजों को आउट किया। ओनील ने डीप मिड-विकेट पर कैच दिया।



### अंशुल ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर धकेला

तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने शुरुआती घंटे में ही कल के अविजित बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी (35) और कप्तान पीटर हैंड्सकॉम्ब (16) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया की टीम को बैकफुट पर धकेल दिया। पवेलियन छोर से कंबोज की जगह गेंद संभालने वाले तेज गेंदबाज तुषार देशपांडे ने जोश फिलिप और लियाम स्कॉट को लगातार गेंद पर आउट किया। इसके बाद ऑफ स्पिनर तनुष कोटियन ने जेसन संघा को क्लीन बोल्ड कर दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर लंच तक सात विकेट पर 185 रन हो गया। भारत ने इसके बाद उसकी दूसरी पारी समेटने में देर नहीं लगाई।

### भारत ने पहली पारी में बनाए 334 रन

भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 334 रन बनाए थे, जिसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 171 रन ही बना पाई। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 199 रन बनाए। कुमार कुशाग्र को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। दूसरा चार दिवसीय मैच 29 सितंबर से 2 अक्टूबर तक इसी मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद यह दोनों टीम तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेंगी।

# नेपाल ने किया उलटफेर, अफगानिस्तान को 16 गेंद पहले 5 विकेट से दी शिकस्त

एजेंसी ▸▸| निशिन

कोरोगी स्पोर्ट्स क्लब में खेले गए ग्रुप ए के मुकाबले में नेपाल क्रिकेट टीम ने अफगानिस्तान को 5 विकेट से हरा दिया है। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था।

टीम की शुरुआत खराब रही और टॉप-3 बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। पारी की शुरुआत करने आए मोहम्मद अकरम 2 रन और हसन ईसाखिल बिना खाता खोले आउट हो गए। 103 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी नेपाल की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी। टीम ने 12 के स्कोर पर 2 और 31 के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए थे। लेकिन संदीप जोरा के 35 गेंदों पर बनाए 34 रन और पूर्व कप्तान रोहित पौडेल के 32 गेंदों पर बनाए नाबाद 33 रनों की बदौलत टीम ने 17.2 ओवर में 5 विकेट पर 103 रन बनाकर मैच 5 विकेट से जीत लिया। कप्तान दीपेंद्र सिंह ऐरी ने भी 15 रन बनाए। नेपाल और अफगानिस्तान के बीच यह पांचवां टी20 मैच था। पांच मैचों में नेपाल की यह दूसरी जीत थी।



### सुब्रतो कप : मिनर्वा पब्लिक स्कूल ने जीता जूनियर वर्ग का खिताब

नई दिल्ली। मोहाली के मिनर्वा पब्लिक स्कूल सीआईएससीई ने केरल के मकदूमिया इस्लामिक कल्चरल इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल को 3-2 से हराकर 65वें सुब्रतो कप अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट में लड़कों के जूनियर वर्ग (अंडर-17) का खिताब जीता। झारखंड के गुमला स्थित सेंट पैट्रिक हाई स्कूल ने लड़कियों के जूनियर वर्ग (अंडर-17), जबकि पश्चिम बंगाल के झारग्राम स्थित माणिक पारा विवेकानंद विद्यापीठ ने लड़कों के सब जूनियर वर्ग (अंडर-15) के खिताब जीते। फाइनल में वायुसेना प्रमुख और सुब्रतो मुखर्जी खेल शिक्षा सोसायटी के अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल एपी सिंह उपस्थित थे। उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। जिता टीमों को 5 लाख रुपए और उपविजेता को 3 लाख रुपए की पुरस्कार राशि मिली।

## दूसर वनडे में कप्तान मेंडिस ने ठोका शतक, वेलालगे ने चटकाए 3 अहम विकेट

# श्रीलंका ने की सीरीज बराबर, इंग्लैंड को दी करारी मात

एजेंसी ▸▸| लीड्स

कप्तान कुसल मेंडिस के 121 रन और दुनिथ वेलालगे के तीन अहम विकेटों की बदौलत श्रीलंका ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर सीमित ओवरों के मौजूदा दौरे पर अपनी पहली जीत दर्ज की।

इस जीत के साथ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला 1-1 से बराबर हो गई है और अब इसका फैसला रविवार को द ओवल में होने वाले निर्णायक मुकाबले में होगा। इंग्लैंड को हालांकि स्टार बल्लेबाज जोस बटलर के बिना उतरना पड़ सकता है, जिन्हें 322 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बाएं हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों) में चोट लग गई। श्रीलंका के 6 विकेट पर 321 रन के जवाब में इंग्लैंड की टीम 9 विकेट पर 305 रन ही बना सकी।



### मेंडिस ने लगाया सातवां वनडे शतक

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने वाले श्रीलंका के कप्तान मेंडिस ने एकदिवसीय में अपना सातवां शतक लगाया। उन्होंने 14 चौके और तीन छक्के जड़े और टीम को छह विकेट पर 321 रन तक पहुंचाया। उन्होंने सलामी बल्लेबाज कमिंदु मेंडिस (54) के साथ दूसरे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की, जबकि मध्यक्रम में पवन रतनायके ने 39 गेंदों पर 48 रन बनाए।

### वेलालगे ने 49 रन देकर लिए 3 विकेट

वेलालगे (49 रन पर तीन विकेट) ने लगातार ओवरों में बेन डकेट (67), टॉम बैंटन (73) और हैरी ब्रूक (1) को आउट कर इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 157 रन कर दिया। डकेट और बैंटन ने पहले विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी की थी। इंग्लैंड ने मंगलवार को चेस्टर-ले-स्ट्रीट में खेले गए पहले वनडे में श्रीलंका को 89 रन से हराया था। इससे पहले श्रीलंका तीन मैचों की टी20 शृंखला में 0-3 से हार गया था।

## बर्लिन

# नॉर्वे की जीत में चमके हालैंड रोनाल्डो ने दिखाया दम



एजेंसी ▸▸| मुंबई

कोडी गाकपो के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत नीदरलैंड ने नेशंस लीग फुटबॉल में जर्मनी को 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। यह जर्मनी के नए कोच जुर्गेन क्लॉप और नीदरलैंड के नए कोच शावी हर्नांडेज के कार्यकाल का पहला मुकाबला था। अन्य मुकाबलों में नॉर्वे के लिए एरलिंग हालैंड ने दो गोल दागे, जबकि दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने पुर्तगाल के लिए मैदान पर उतरना जारी रखा। जर्मनी ने 32वें मिनट में फेलिक्स एनमेचा के गोल से बढ़त बनाई थी, लेकिन स्टॉपेज टाइम के दूसरे मिनट में रूबेन वान बोमेल के शानदार क्रॉस पर गाकपो ने वॉली से गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। मैच के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच कई बार तनातनी भी देखने को मिली।

### ऑस्ट्रिया के खिलाफ इजराइल के खिलाड़ी को जश्न मनाना पड़ा भारी

लिंज में ऑस्ट्रिया के खिलाफ बराबरी का गोल करने के बाद इजराइल के सईद अबू फरची को जश्न मनाना भारी पड़ा। इस खिलाड़ी ने कॉर्नर फ्लैग उखाड़ लिया और ऐसा इशारा किया, जो गोली चलाने जैसा दिखाई दिया। उन्हें दूसरा पीला कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। उन्हें पहला पीला कार्ड मिलने के सिर्फ चार मिनट बाद ही दूसरा पीला कार्ड मिल गया। इसके बाद फिलिप म्वेने और सासा कलाजदजिक के आखिरी मिनटों में किए गए गोलों से ऑस्ट्रिया ने 3-1 से जीत दर्ज की। एक अन्य मुकाबले में वेदात मुरिकी के गोल की बदौलत कोसोवो ने प्रिस्टिना में आयरलैंड को 1-0 से हराया।

# यौन उत्पीड़न मामले में बृजभूषण को बरी किए जाने के निर्णय को चुनौती

## चार महिला पहलवानों ने अपील दायर की

नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को यौन उत्पीड़न के मामले में बरी किये जाने संबंधी मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले के खिलाफ चार महिला पहलवानों ने शुक्रवार को अपील दायर की। राउज एवेन्यू अदालत के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश के समक्ष दायर फौजदारी अपील में, इस मामले में आपराधिक भयादोहन के आरोप से डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर को बरी किए जाने को भी चुनौती दी गई है। मामले की सुनवाई शनिवार को विशेष न्यायाधीश दिग विनय सिंह द्वारा किये जाने की संभावना है। मजिस्ट्रेट अदालत ने तीन अगस्त को सबूतों के अभाव में, विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगाट समेत छह महिला पहलवानों द्वारा दायर मामले में भाजपा के पूर्व सांसद एवं डब्ल्यूएफआई के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह को बरी कर दिया था। अदालत ने इस मामले में सिंह के अलावा तोमर को भी बरी कर दिया था। शुक्रवार को दायर याचिका के अनुसार, बरी करने का फैसला कानूनी रूप से टिकने योग्य नहीं है। यह रिकॉर्ड पर मौजूद सबूतों के 'स्पष्ट रूप से त्रुटिपूर्ण और चुनिंदा पहलुओं' पर आधारित था, अटकलों और अनुमानों पर टिका था, और कानून के बाध्यकारी और स्थापित सिद्धांतों को लागू करने में विफल रहा।

9वें इंडिया इंटरनेशनल वाटर वीक-2026 का समापन

# जल सुरक्षा सभी की साझा जिम्मेदारी, दैनिक जीवन का हो हिस्सा: पाटिल

नई दिल्ली

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कि जल सुरक्षा नागरिकों, सरकार और उद्योग सहित सभी हितधारकों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने जल संरक्षण में जनभागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जल से जुड़ी चुनौतियों का समाधान देशों और संस्थाओं के बीच सहयोग से ही संभव है। पाटिल शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित 9वें इंडिया इंटरनेशनल वाटर वीक-2026 के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जल क्षेत्र में अनुसंधान, विकास और नवाचार से प्राप्त लाभों को इस तरह लागू किया जाना चाहिए कि उनका असर जमीनी स्तर तक पहुंचे। उन्होंने जल जीवन मिशन, नमामि गंगे, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और 'जल संचय जन भागीदारी' जैसी पहलों के प्रभावी और टिकाऊ परिणामों के लिए जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पांच दिवसीय आयोजन ने एक-दूसरे से सीखने और बेहतर समाधान के लिए मिलकर काम करने का मंच उपलब्ध कराया।



## हर घर तक सुरक्षित पेयजल पहुंचाना जल सुरक्षा का हिस्सा : सोमन्ना

जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने कहा कि जल सुरक्षा का अर्थ प्रत्येक परिवार तक सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचाने के साथ-साथ स्वच्छता, साफ-सुथरा वातावरण और अपशिष्ट जल के उचित प्रबंधन को सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन ने ग्रामीण भारत में बड़े बदलाव किए हैं और करोड़ों परिवारों के घरों तक पेयजल पहुंचाया है। स्थानीय जल स्रोतों का संरक्षण, भूजल का पुनर्भरण और स्थानीय स्तर पर जल सुरक्षा की योजना बनाना दैनिक कार्यप्रणाली का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल स्रोतों और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए ग्रे वाटर और अपशिष्ट जल का सुरक्षित प्रबंधन भी आवश्यक है।

## नवाचारों का असर जमीनी स्तर तक पहुंचे

## जल प्रणालियों को बनाना होगा सक्षम और लचीला : राज भूषण चौधरी

जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने कहा कि विकसित भारत के लिए ऐसी जल प्रणालियों की जरूरत होगी, जो दक्ष, विश्वसनीय, सुरक्षित और बदलती परिस्थितियों के अनुरूप लचीली हों।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में जल प्रणालियां बदलती और अनिश्चित परिस्थितियों में कितनी प्रभावी ढंग से काम करती हैं, यही उनकी जलवायु-लचीलापन क्षमता की वास्तविक परीक्षा है। उन्होंने मंत्रालय की पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नमामि गंगे ने नदी पुनर्जीवन के लिए एकीकृत दृष्टिकोण का उदाहरण प्रस्तुत किया है। इसमें प्रदूषण नियंत्रण, पारिस्थितिकी बहाली, पर्यावरणीय प्रवाह और टिकाऊ नदी प्रबंधन को एक साथ जोड़ा गया है।

## जलवायु-लचीले जल प्रबंधन पर केंद्रित रहा आयोजन

9वें इंडिया इंटरनेशनल वाटर वीक-2026 का आयोजन 'जलवायु-लचीला जल प्रबंधन' विषय पर किया गया। इसमें सरकारों, अंतरराष्ट्रीय एवं बहुपक्षीय संगठनों, शोध एवं शैक्षणिक संस्थानों, उद्योग, नागरिक समाज, स्टार्टअप, नवोन्मेषकों और युवा पेशेवरों ने भाग लिया। आयोजन में नीतिगत संवाद, प्रौद्योगिकी प्रदर्शन, ज्ञान के आदान-प्रदान, नेटवर्किंग, कारोबारी साझेदारी और नए सहयोग के लिए मंच उपलब्ध कराया गया।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी और महिला की फोटो हटाएं: कोर्ट



**दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने मेटा को निर्देश दिया है कि वह पीएम नरेंद्र मोदी के साथ एक महिला की मॉर्फ्ड तस्वीर वाले कंटेंट को तुरंत हटाए। हाई कोर्ट ने कहा कि यह सिर्फ एक महिला का मामला नहीं, बल्कि देश के पीएम से जुड़ा मामला है। हाई कोर्ट ने सीजेपी के नेताओं सौरव दास और अभिजीत दिपके को नोटिस जारी किया है।

### पूर्व आईएएस सिंह बने यूसीसी समिति के सदस्य




**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पूर्व आईएएस अधिकारी शत्रुघ्न सिंह को राज्य की यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) समिति का सदस्य नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति रिटायर्ड बॉम्बे हाईकोर्ट जज जस्टिस आरसी चव्हाण के समिति से इस्तीफा देने के कुछ दिनों बाद हुई है। समिति की अध्यक्ष रंजना देसाई ने उनके नाम की सिफारिश की थी।

### डंपर से टकराई कार 4 लोगों की मौत



**सूरत।** गुजरात के सूरत जिले में भारतमाला एक्सप्रेसवे के किनारे खड़े एक डंपर से कार के टकराने के बाद मुंबई के 4 लोगों की मौत हो गई। कामरेज पुलिस ने बताया कि यह हादसा सुबह करीब 8 बजे कामरेज तालुका के धातवा गांव के पास हुआ, जब कार एक्सप्रेसवे पर मुंबई से दिल्ली की ओर जा रही थी। कार में सवार चारों लोग मुंबई के थे।

### मिलन प्रधान का राहत वाला आदेश खारिज



**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच (खंडपीठ) ने कांग्रेस के नंदीग्राम उपचुनाव प्रत्याशी मिलन प्रधान को 2007 के आपराधिक मामले में मिली अंतरिम राहत वाला आदेश रद्द कर दिया है। अदालत ने कहा कि आपराधिक कानून में ऐसी अंतरिम सुरक्षा का प्रावधान नहीं है।

## पीएम ने सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया संवाद

गांवों में बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ

# सेवा और सहभागिता से ही साकार होगा विकसित भारत : प्रधानमंत्री मोदी

संवाद के दौरान सेवा यात्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ यात्रा के अपने अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को डायरी में दर्ज करें, ताकि सेवा यात्रा की यादों और सीख को सुरक्षित रखा जा सके

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प तभी साकार हो सकता है, जब इसमें हर व्यक्ति का योगदान और सहभागिता सुनिश्चित हो। प्रधानमंत्री शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत वाराणसी से वडनगर तक यात्रा कर रहे सेवा यात्रियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वडनगर ने उन्हें जीवन को दिशा देने वाले संस्कार और मूल्य दिए, जबकि काशी ने उन मूल्यों में सेवा के अनगिनत रंग जोड़ने का अवसर दिया। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि युवा भी सेवा के विभिन्न माध्यमों से इस यात्रा को समृद्ध कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत में शहरों और गांवों के बीच का अंतर काफी कम हुआ है। आज गांवों में बुनियादी ढांचे में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इसके साथ ही देश की महिलाओं में आत्मनिर्भरता भी बढ़ी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा बताए गए सेवा, संतुलन, धैर्य, समन्वय, सकारात्मकता, संवेदनशीलता और संवाद के सात सिद्धांतों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता सेवा की भावना के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने में गर्व महसूस करता है। पंडित दीनदयाल जी हमें हमेशा चरैवेति-चरैवेति का संदेश देते रहे। वे खुद भी लगातार यात्रा करते रहे। एक सेवा यात्री के रूप में लगातार चलते रहना ही हमारा लक्ष्य है और इसके लिए हमें पंडित दीनदयाल जी से प्रेरणा मिलती है।संवाद के दौरान सेवा यात्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ यात्रा के अपने अनुभव साझा किए। प्रधानमंत्री ने यात्रियों से आग्रह किया कि वे यात्रा के दौरान अपने अनुभवों को डायरी में दर्ज करें, ताकि सेवा यात्रा की यादों और सीख को सुरक्षित रखा जा सके।

**देश की महिलाओं में आत्मनिर्भरता भी बढ़ी है**





### वडनगर और काशी का 1000 साल से अधिक पुराना इतिहास

संवाद के दौरान पीएम मोदी ने एक बार फिर अपने जन्मस्थान और कर्मस्थान का जिक्र किया है। उन्होंने कहा कि मेरे लिए वडनगर मेरा जन्मस्थान है और काशी मेरी दूसरी कर्मभूमि है। काशी में हमें बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद प्राप्त है, तो वहीं वडनगर में हटकेशेश्वर महादेव का प्रेम और आशीर्वाद मिला है। वडनगर और काशी दोनों का इतिहास 1000 साल से अधिक पुराना है और दोनों का उनके जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। इस दौरान पीएम ने इन यात्रियों की तरफ से दोनों शहरों के बीच चलाए जा रहे बड़े पैमाने पर सेवा अभियानों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि जब वे यात्रियों से बात कर रहे थे और उनके तरफ शेयर किए गए वीडियो व तस्वीरें देख रहे थे, तो उन्हें ऐसा महसूस हुआ मानो वे खुद इस यात्रा में उनके साथ सफर कर रहे हों।

### युवा समाज सुधार के लिए काम करें

पीएम ने हमें भी समाज में निरंतर सुधार और सकारात्मक परिवर्तन के लिए काम करते रहना चाहिए, केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए नहीं। पीएम मोदी ने कहा कि सेवा यात्राओं ने मेरे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हर यात्रा और रास्ते में मिले अनुभव आज भी गुरु की तरह मेरा मार्गदर्शन करते हैं।



### भक्ति के रंग में रंगे पीएम मोदी: भजन क्लबिंग में हुए शामिल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारतीय जनसंघ के नेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर दिल्ली के दीनदयाल उपाध्याय पार्क में आयोजित 'भजन क्लबिंग' कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों के साथ भजनों का आनंद लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि उन्होंने समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान को राष्ट्र निर्माण का आधार माना। पीएम ने कहा कि उनके द्वारा दिया गया अंत्योदय का विचार आज भी जनकल्याण के लिए प्रेरणा देता है।

आईआईएससी बेंगलुरु में सेवा प्रथम नवाचार चुनौती प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए बोले केंद्रीय शिक्षा

## देश में विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करेगी नवाचार की पहल: जोशी



नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) बेंगलुरु में सेवा प्रथम नवाचार चुनौती प्रतियोगिता का उद्घाटन किया है। जिसका संबंध मुख्यतः दक्षिण भारत के क्षेत्र के 5 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों के स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालयों में पढ़ने वाले युवा छात्रों से है। अपने संबोधन में जोशी ने कहा, विकसित भारत@2047 की पहल को साकार करने में नवाचार का बेहद महत्वपूर्ण योगदान होगा। जब नवाचार वास्तविक मानवीय आवश्यकता से शुरू होकर व्यावहारिक समाधान की दिशा में आगे बढ़ता है। तभी वह सच्चे अर्थों में सेवा बन जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी है।

### अवसरों में तब्दील होती युवा पीढ़ी की जिज्ञासा

उन्होंने कहा, इस प्रतियोगिता की मदद से मंत्रालय की कोशिश यही है कि वह देश की 35 वर्ष से कम आयु की 65 प्रतिशत युवा आबादी पर ध्यान केंद्रित करते हुए उनकी जिज्ञासा को अवसरों में बदलना चाहता है। जोशी के मुताबिक, सेवा कर्म में दिखाई पड़नी चाहिए। साथ ही किसा समस्या को समझने व उसका बड़े स्तर पर निदान ढूंढने के लिए नवाचार की तलाश करना ही सेवा का अहम रूप है। भारत की युवा पीढ़ी जिज्ञासु, आत्मविश्वासी होने के साथ-साथ प्रौद्योगिकी से भी भलीभांति परिचित है। इन्हीं युवाओं की जिज्ञासा को उपयोगी कर्मों के माध्यम से अवसरों में तब्दील करना ही हमारी जिम्मेदारी है।

### एनईपी का बड़ा योगदान

उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए कम उम्र में प्रयोग करने और उन्हें नवाचार और निर्माण की मदद से अवसरों में बदला जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने 10 हजार से ज्यादा अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाओं, 17 हजार 300 संस्थान नवाचार परिषदों और स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन जैसे आयोजनों के जरिए देश में एक मजबूत नवाचार इकोसिस्टम को बनाने के लिए जारी सरकार की कोशिशों को भी रेखांकित किया है। उन्होंने स्टार्टअप और उद्योग भागीदारों से इस चुनौती से उभर रहे युवा नवोन्मेषकों के साथ जुड़ने और उन्हें भविष्य में जरूरी मार्गदर्शन प्रदान करने का आह्वान किया है।

### 25 सितंबर से शुरू होगा पंजीकरण

तीन स्तरों पर होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण की शुरुआत 25 सितंबर से हो गई है। जबकि इसका समापन अगले महीने 24 अक्टूबर को होगा। आयोजन के लिए कुल 5 राष्ट्रीय विषय निर्धारित किए गए हैं। सबसे पहले स्वच्छ और सतत भारत, दूसरा-समृद्ध किसान, समृद्ध भारत, तीसरा-स्वस्थ और समावेशी भारत, चौथा-शिक्षित और कुशल भारत, पांचवां व अंतिम विषय सुरक्षित भारत रखा गया है। इस कार्यक्रम का औपचारिक रूप से समापन 10 से 17 दिसंबर तक होगा।

# वैश्विक प्रतिस्पर्धा बढ़ाना जरूरी, तभी आएगा विदेशी निवेश : नागेश्वरन

नई दिल्ली

मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंथा नागेश्वरन ने कहा है कि भारत को विदेशी पूंजी आकर्षित करने के लिए अपनी वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को लगातार मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि व्यापक विनिर्माण क्षमता और आर्थिक सुधारों के कारण भारत विदेशी पूंजी आकर्षित करने में सक्षम रहा है, लेकिन वैश्विक निवेश का माहौल अब बदल चुका है। ऐसे में भारत के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) प्रदर्शन का आकलन व्यापक वैश्विक संदर्भ में किया जाना चाहिए। नागेश्वरन शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित 13वें पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया के वार्षिक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उद्योग के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात वैश्विक प्रतिस्पर्धा है। भारत को एफडीआई के लिए माहौल बेहतर बनाने के प्रयास जारी रखने होंगे, लेकिन केवल नीतिगत मानकों को पूरा कर लेने से तुरंत पूंजी का प्रवाह बढ़ना जरूरी नहीं है, क्योंकि वैश्विक परिस्थितियां लगातार बदल रही हैं।

### निवेशकों के लिए नीतिगत स्थिरता अहम



मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि निवेश संबंधी फैसलों में कई कारक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इनमें निवेशकों का संरक्षण, कर नीति में निश्चितता और निरंतरता, कुशल प्रतिभाओं की उपलब्धता तथा बेहतर लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। उन्होंने व्यापक आर्थिक स्थिरता को भी निवेश के लिए महत्वपूर्ण संकेतक बताया। उनके अनुसार, स्थिर आर्थिक वृद्धि, घटती महंगाई और राजकोषीय अनुशासन जैसे कारक निवेशकों के भरोसे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक पूंजी के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच एफडीआई आकर्षित करने के लिए और प्रयास करने होंगे। हाल के वर्षों में वैश्विक निवेश का परिदृश्य बदला है और विकसित अर्थव्यवस्थाएं भी पूंजी आकर्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

### ब्याज दरों में बदलाव का पूंजी प्रवाह पर असर

नागेश्वरन ने कहा कि वैश्विक ब्याज दरों में बदलाव का पूंजी की लागत और सीमा-पार निवेश प्रवाह पर महत्वपूर्ण असर पड़ सकता है। वैश्विक ब्याज दरों का वातावरण बदलने से भारत जैसे उभरते बाजारों के लिए विदेशी पूंजी हासिल करने की परिस्थितियां भी प्रभावित हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी जोखिम प्रीमियम को कम करने की दिशा में काम करना होगा, ताकि वैश्विक निवेशकों के लिए भारतीय बाजार अधिक आकर्षक बन सके। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि विनिर्माण और सेवाओं में भारत को एक साथ आगे बढ़ना होगा तथा घरेलू उत्पादन को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना महत्वपूर्ण है।

### विनिर्माण को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने पर जोर

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने विनिर्माण क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को भारत की आर्थिक रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। उन्होंने कहा कि भारत को घरेलू उत्पादन बढ़ाने के साथ यह सुनिश्चित करना होगा कि भारतीय उद्योग वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा कर सके। उनके अनुसार, आयात को केवल रोकना समाधान नहीं है, क्योंकि घरेलू उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए भी कुछ आयातित इनपुट और तकनीक की आवश्यकता होती है।

## सुवेंदु का किसानों को तोहफा बिजली पर 2 रुपए प्रति यूनिट सब्सिडी, पूरी धान भी खरीदेंगे

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल सरकार ने किसानों के लिए बिजली सब्सिडी बढ़ाने का ऐलान किया है। सीएम सुवेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि करीब चार लाख किसानों को बिजली पर दो रुपए प्रति यूनिट की सब्सिडी दी जाएगी। साथ ही, पीएम-किसान योजना के तहत मिलने वाली सहायता भी 6,000 से बढ़ाकर 9,000 रुपए की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसान जितना धान बेचना चाहेंगे, राज्य सरकार उसकी पूरी खरीद करेगी। इसके साथ ही किसानों को 2,700 रुपए प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित किया जाएगा। बिचौलियों या एजेंटों के लिए कोई जगह नहीं होगी। विधायक किसानों के अभिभावक के रूप में काम करेंगे।



## पवन खेड़ा ने पूछा- चुनाव आयोग किसके आदेश पर मतदाताओं को अलग-अलग श्रेणियों में बांट रहा?

# कांग्रेस ने एसआईआर में वीआईपी मतदाताओं की अलग श्रेणी बनाने पर चुनाव आयोग को घेरा

नई दिल्ली

कांग्रेस ने एसआईआर के अंतर्गत बीएलओ ऐप में नई वीआईपी मतदाता श्रेणी बनाने पर घोर आपत्ति व्यक्त करते हुए सवाल किया है कि चुनाव आयोग किसके आदेश पर मतदाताओं को अलग-अलग श्रेणियों में बांट रहा है। पार्टी ने इसे संविधान के 'एक नागरिक, एक वोट, एक मूल्य' के सिद्धांत का उल्लंघन बताया। कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने मीडिया रिपोर्ट्स का हवाला देते हुए कहा कि चुनाव आयोग द्वारा बूथ स्तर अधिकारियों के ऐप में वीआईपी वोटरों के लिए जोड़ी गई नई श्रेणी के तहत मंत्रियों, विधायकों, जजों, आईएएस व आईपीएस अधिकारियों और अन्य मशहूर हस्तियों को विशिष्ट मतदाताओं के रूप में चिन्हित किया जा रहा है। उन्हें सुनवाई केंद्रों पर जाने की आवश्यकता नहीं है और उनकी सुनवाई उनके घर पर ही करने की विशेष सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां आम नागरिक घंटों लाइनों में खड़े रहते हैं, वहीं वीआईपी मतदाताओं को विशेष सुविधा दी जा रही है। उन्होंने विशिष्ट मतदाताओं को चिन्हित करने को लेकर ईआरओ द्वारा बीएलओ को दिए गए निर्देश से संबंधित व्हाट्सऐप मैसेज भी दिखाए।

### विशिष्ट मतदाता को कौनसी सुविधा मिली?

राज्यसभा सांसद खेड़ा ने पूछा कि क्या भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, मंत्रियों और संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों को एसआईआर के तहत नोटिस मिलने और किरकिरी होने के तुरंत बाद यह वीआईपी श्रेणी बनाई गई? उन्होंने यह भी पूछा कि आखिर एक विशिष्ट मतदाता को ऐसी कौन सी सुविधा मिलती है जो सामान्य मतदाता को नहीं मिलती? क्या वीआईपी मतदाताओं को गणना प्रपत्र जमा किए बिना भी मतदाता सूची में शामिल किया जा सकता है? क्या उन्हें सुनवाई केंद्रों पर उपस्थित होने से छूट है और क्या उनके दस्तावेज घर से लिए जाते हैं? क्या उनके मामलों का निपटारा पहले किया जाता है? उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग इससे संबंधित पूरी प्रक्रिया सार्वजनिक करे।



### चुनाव आयोग की यह एक और गड़बड़ी

खेड़ा ने कहा कि इस नए खुलासे को चुनाव आयोग द्वारा की जा रही अन्य गड़बड़ियों से अलग करके नहीं देखा जा सकता। एसआईआर प्रक्रिया के जरिए पहले देश भर में 13 करोड़ से अधिक मतदाताओं को वोटर लिस्ट से बाहर किया गया और अब उनका विभाजन किया जा रहा है। मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि आज सत्ता में ऐसे संविधान विरोधी लोग बैठ गए हैं, जिन्होंने वीआईपी और आम वोटर को अलग-अलग श्रेणियों में बांट दिया है।

### जनता समझ गई वोट की चोरी हो रही

वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के फैसलों के खिलाफ चुनाव आयुक्तों सुखबीर संधू और विवेक जोशी द्वारा बीते दस माह में 14 बार आपत्तियां जताने का हवाला देते हुए आगे कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी काफी समय से वोट चोरी को लेकर खुलासे कर रहे थे, आज वही सच्चाई सबके सामने आ गई है। अब जनता समझ गई है कि वोट की चोरी की जा रही है। ज्ञानेश कुमार लगातार असंवैधानिक काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की हर संस्था को बर्बाद कर दिया है। ज्ञानेश कुमार भी चुनाव आयोग को अकेले तानाशाही से चला रहे थे, इसलिए उन्होंने बाकी दोनों चुनाव आयुक्तों की बात भी नहीं सुनी।

### वोट चोरी कर भाजपा ने सरकारें बनाईं

खेड़ा ने एसआईआर के पीछे का असली खेल समझाते हुए कहा कि जहां भाजपा कमजोर है, वहां ज्ञानेश कुमार भाजपा को वोट नहीं देने वाले लोगों के नाम हटा रहे हैं। चुनाव आयोग ने हरियाणा, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल समेत एक के बाद एक राज्यों में वोट चोरी कर भाजपा की सरकारें बनवाई हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के जरिए नरेंद्र मोदी जेन-जी के नाम वोटर लिस्ट में शामिल न होने देने की साजिश भी रच रहे हैं। राहुल गांधी की मांग को दोहराते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि ज्ञानेश कुमार तुरंत अपने पद से इस्तीफा दें और सरकारी गवाह बनकर पूरी सच्चाई देश के सामने रखें।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in